अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# फर्रुखाबाद में खुले आलू क्रय केंद्र, कन्नौज में नहीं आई गाइड लाइन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पड़ोसी जिले से यहां अधिक होता है उत्पादन, कोल्ड स्टोरेज भी हैं अधिक
- कोल्ड स्टोरेज में रखा जा चुका किसानों का आलू, देना होगा भाड़ा भी

**अमृत विचार।** सब्जियों के राजा की बाजार में इन दिनों धड़ाम हुई कीमतों के चलते किसान परेशान है। अप्रैल में ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर आलू क्रय केंद्र खोलने का ऐलान किया था। फर्रुखाबाद में दो सरकारी केंद्र खोल दिए गए हैं। कन्नौज में अब तक गाइड लाइन नहीं आई है ऐसा एक अधिकारी का कहना है।

शासन ने 650 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से आलू खरीदने को मंजूरी दी है। इसी के तहत फर्रुखाबाद में हाफेड के दो केंद्र खोले गए हैं। हालांकि आलू खरीद के लिए सख्त मानक हैं इस वजह से चार दिन बाद वहां किसानों से आलू नहीं खरीदा गया है। जो किसान आलू नमूना ले भी गए केंद्र की ओर से उसे फेल कर दिया गया। जनपद में किसानों का कहना है कि अपने जनपद कन्नौज में फर्रुखाबाद की



एक शीतगृह में जमीन पर फैला आलू। अमृत विचार

अपेक्षा कोल्ड स्टोरेजों की संख्या अधिक है। आलू की खेती का रकबा भी ज्यादा है लेकिन अब तक केंद्र नहीं खोले गए हैं। केंद्र खोले जाने के साथ ही एमएसपी भी और बढ़ाई जाए। बताया गया है कि शासन ने आलू खरीदने के लिए यूपी एग्रो, उद्यान, मंडी परिषद, सहकारी संस्थाओं को नामित किया है। यह नियम प्रदेश के 10 जनपदों के लिए है। दूसरी ओर किसानों का इन दिनों आलू 300 से 400 रुपये प्रति पैकेट यानि 50 से 55 किलोग्राम बिक रहा है। किसानों ने बताया कि वह अपना आलू सुरक्षित करने के लिए कोल्ड स्टोरेजों में रख दिया है। अगर सरकारी खरीद होती भी है तो निकासी के दौरान कोल्ड स्टोरेजों का भाड़ा भी अपने पास से देना होगा। जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी का तर्क है कि आलू खरीद को लेकर जब तक उनके पास लिखित में कोई आदेश नहीं आता तबतक वह कुछ नहीं कह सकते हैं।

### आलू को लेकर जिले के जरूरी आंकड़े

- 56000 हेक्टेयर रकबा
- 20.46 लाख मीट्रिक टन उत्पादन
- 197 कोल्ड स्टोरेज
- 21.82 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता
- 16.98 लाख मीट्रिक टन भंडारण हुआ
- 260 से 290 रुपये प्रति क्विंटल भंडारण शुल्क
- 600 रुपये प्रति क्विंटल आलू का थोक रेट
- 10 रुपये प्रति किलोग्राम फुटकर दाम

### भाकियू नेता की भी सुनें

भाकियू (अराजनितिक) के पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी का कहना है कि वर्तमान में आलू किसानों की दुर्दशा है। इसको लेकर वह अधिकारियों को ज्ञापन भी पूर्व में दे चुके हैं। किसानों को नेताओं से उम्मीदें होती हैं चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो चूंकि सरकार सबकी होती है। आलू निर्यात नीति बने या आलू खरीदा जाए, कागजों में यह काम न हों। कन्नौज व फर्रुखाबाद में किसान जिस तरह का आलू उत्पादन करते हैं वही सही दामों में खरीदा जाए।

# नियमों को ताक पर रखकर चल रहे कोचिंग संस्थान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नियम विरुद्ध लगा रहे क्लासें और जिम्मेदार साधे हैं चुप्पी
- कोचिंग को लेकर पत्र जारी कर शांत बैठ गए अधिकारी

**अमृत विचार।** जिले में निजी कोचिंग संस्थान खूब फल-फूल रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर उनका संचालन हो रहा है। इतना ही नहीं रोक के बाद भी सरकारी विद्यालयों के टीचर यहां पढ़ रहे हैं। जिम्मेदारों ने मानकों समेत अन्य बिंदुओं पर महज पत्र जारी कर चुप्पी साध ली है।

शहर कन्नौज के अलावा तिर्वा, छिबरामऊ, गुरसहायगंज व सौरिख इलाके में इन दिनों प्राइवेट कोचिंग चलाई जा रही हैं। कई कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण ही नहीं हैं तो कुछ स्थानों पर परिषदीय, माध्यमिक व राजकीय स्कूलों तक के शिक्षक पढ़ा रहे हैं। शासन ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए ढेर सारे मानक बना रखे हैं। डीआईओएस कार्यालय से पंजीकरण कराते समय सभी पैरामीटर को पूरा करना जरूरी होता है तभी अनुमति मिलती है। लेकिन पंजीकरण के बिना ही कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे हैं।

दमकल विभाग की रिपोर्ट भी इसमें मांगी जाती है जो मानकों पर खरा न उतरने की वजह से जल्द नहीं लगाई जाती है। डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि उन्होंने पहले पत्र जारी कर कोचिंग व स्कूलों की मान्यता को लेकर नियम बता दिए हैं। आगे छापेमारी होगी। कमियां मिलने पर नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा जाएगा। साथ ही कार्रवाई की जाएगी। बिना पंजीकरण व मानक विहीन कोचिंग संस्थान नहीं चलने दिए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में एक घायल

**गुरसहायगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन निवासी हबीब के पुत्र बबलू ने मोहल्ले के ही नियाज़, निहाल और गुड्डू के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि वह लोग उसे छुरी दिखा कर धमकाते थे। शनिवार की देर रात्रि वह लोग चाकू, छुरी और बेल्ट लहराते हुए आए और बिना वजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है।

### कन्नौज ने ठाना है: स्वच्छ प्लास्टिक-मुक्त, हरित 'बड़ा मंगल' मनाना है

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने 'बड़े मंगल' पर प्रदेशवासियों, विशेषकर कन्नौज में मंगलमान और भंडारा आयोजकों से आह्वान किया है कि इस बार हनुमान जी की सेवा का यह महापर्व न केवल श्रद्धा और उल्लास का प्रतीक बने, बल्कि 'स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा' का एक बड़ा उदाहरण बने। मंत्री ने कहा कि सेवा और स्वच्छता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जब हम बजरंगबली के भक्तों की सेवा करते हैं, तो यह हमारा दायित्व है कि हम अपनी धरती माता को प्रदूषित न करें। साथ ही भंडारों में प्लास्टिक या थर्माकोल की थाली, चम्मच और गिलास का उपयोग पूरी तरह से बंद करें। इनके स्थान पर पत्तल (दौना) और कागज के गिलासों का उपयोग करें। अपशिष्ट प्रबंधन प्रत्येक भंडारा स्थल पर पर्याप्त मात्रा में कूड़ेदान रखें और यह सुनिश्चित करें कि भक्त जूठे अपविशिष्ट को इधर-उधर न फेंकें। हरित भंडारे के आयोजक यह संकल्प लें कि भंडारा समाप्ति के बाद सड़क पर एक भी पत्तल या गंदगी शेष नहीं रहेगी। आयोजन स्थल को पहले से भी अधिक स्वच्छ करेंगे। पीने के पानी का वितरण इस प्रकार करें कि पानी बर्बाद न हो। उन्होंने कहा कि बड़े मंगल की परंपरा लखनऊ की अनूठी 'गंगा-जमुनी तहजीब' और सेवा भाव का संगम है।

# आटा मिल में लगी आग से 50 लाख का सामान जला

## फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू, गेहूं, आटा हुआ राख



आटा मिल में लगी आग से उठतीं लपटें। अमृत विचार



आग बुझाते फायर कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में आटा मिल में आग लग जाने से लाखों रुपये का गेहूं और आटा जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक मिल में रखा आटा, गेहूं और मशीनें में भारी नुकसान हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खाड़ेदेवर निवासी शाहिद खां की कस्बा से इंदुईयागंज जाने वाले मार्ग पर आटा मिल है। इसमें देवा भोग और साईं भोग के नाम से आटा की पैकिंग कर बिक्री की जाती है। मौजूदा समय में गोदाम में गेहूं और आटे का भारी स्टॉक था। शनिवार की रात करीब 2 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आटा मिल में आग लग गई। दूसरी मंजिल पर सो रहे शाहिद खां के भतीजे मोहम्मद शोएल को जब धुआं लगा तो उसकी नींद खुल गई। मिल में आग लगी देखा उसने तत्काल परिजनों को फोन कर सूचना दी। सूचना पर पहुंचे शाहिद ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इस बीच आग तेजी से मिल के अंदर फैलती गई। पुलिस की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया। कई घंटे तक दमकल टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से मिल में रखा लाखों का गेहूं और आटा और मशीनों के अलावा पैकिंग का तमाम सामान जलकर नष्ट हो गया। मिल मालिक के भाई जुबेर खां ने बताया कि 50 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। नए सीजन को देखते हुए गेहूं का काफी स्टॉक था और आटा के पैक किए गए पैकेट भारी संख्या में रखे थे। लाखों की कीमत की मशीन भी जलकर नष्ट हो गई है। आग बुझाने के दौरान लोगों की भीड़ रही, सुबह तक दमकल के कर्मचारियों ने काबू पाया।

# खड़े ट्रक में पीछे से घुसा ट्रेलर, चालक घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार दोपहर पीली पट्टी पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार ट्राला पीछे से घुस गया। इस में ट्राला का चालक घायल हो गया। उसे टीम ने एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। दोनों वाहनों में खासा नुकसान हुआ।

तालग्राम थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 165 के पास एक खड़े ट्रक में पीछे से ट्रेलर घुस गया। बताया जाता है कि हरियाणा के नूंह जिले के तावडू निवासी उस्मान खान पुत्र जफर भिवाड़ी, राजस्थान से ड्रिल केबल लादकर लखनऊ जा रहे थे। इसी दौरान पीली पट्टी पर खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उस पर लदा ड्रिल केबल केबिन को तोडता हुआ नीचे आ कर सड़क पर बिखर गया। इससे एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित हो गया। ट्रेलर चालक उस्मान खान को साथ पीछे चल रहे अन्य ट्रक चालक अजहर पुत्र अली मोहम्मद निवासी मोहल्ला पल्ल, नूंह ने घायल ट्रेलर के टालक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही सेफ्टी टीम और गश्ती दल के सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कनौजिया मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। हादसे के बाद खड़े ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। तालग्राम पुलिस ने खड़े ट्रक को कब्जे में लेकर थाने में खडा कराया। क्षतिग्रस्त ट्रेलर को भी खाली कराकर थाने भेजा गया है। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि घायल चालक का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।



दुर्घटना के बाद एक्सप्रेस-वे पर खड़ा ट्रेलर। अमृत विचार

- तालग्राम थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

### तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध की मौत

**कन्नौज।** बोर्डिंग मैदान के निकट दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें दो व्यक्ति घायल हो गये। जिला अस्पताल ले जाते समय एक वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेखाना निवासी इरफान अहमद (64) पुत्र निसार अहमद दोपहर के समय बाइक से कहीं जा रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर बोर्डिंग मैदान के सामने पहुंचे उसे समय सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मारदी। इससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गये। दुर्घटना में बृद्ध के गंभीर व युवक के मामूली चोट आई। स्थानीय लोगों ने परिजनों को घटना की सूचना दी। इस पर वृद्ध के भाई फैयाज उनको लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उनको मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये। जिला अस्पताल की ओर से भेजे गये मेंमों के आधार पर पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है। वहीं दूसरी बाइक के चालक के खिलाफ कार्रवाई के लिये परिजनों ने प्रयास तेज कर दिया है। पुलिस दूसरी बिक के चालक की तलाश में जुट गई है।

# प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा तय की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन और उसकी रूपरेखा तय करने के लिए आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यपद्धति और वैचारिक अधिष्ठान को मजबूत करने का आधार है।

रविवार को पार्टी जिला कार्यालय पर जिला कार्यसमिति की बैठक के दौरान प्रशिक्षण वर्ग 20 और 21 मई को भागीदारी भवन लखनऊ में होना निश्चित हुआ। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में



प्रशिक्षण वर्ग को लेकर हुई बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश महामंत्री कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री व सदर विधायक असीम अरुण, छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय ने भी महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनन्द सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, रामसेवक कठेरिया, शैलेन्द्र दुबेदी, इतेद्र राजपूत, संध्या शर्मा, दीप शिखा पाल, राजेश राजपूत रहे।

### अपराध की आशंका में दो आरोपी गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ पुलिस ने संज्ञेय अपराध रोकने के उद्देश्य से दो संदिग्ध अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार यह कार्यवाई विशेष अभियान के तहत की गई। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए उन्हें विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में 35 वर्षीय वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम झरोखा तथा 26 वर्षीय रोहित कुमार निवासी विशुनगढ़ शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना विशुनगढ़ के पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्यवाई आगे भी जारी रहेगी।

# कैदी को रोटरी अध्यक्ष ने जुर्माना जमा कर छुड़ाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तीन दिन पूर्व जिला कारागार में अपर्णा फाउंडेशन और रोटरी क्लब शौर्य की ओर से लगाए गए निःशुल्क नेत्र एवं दंत शिविर में जिला जज से एक कैदी ने रोते हुए फरियाद की थी कि वह मामूली धाराओं में बीते आठ वर्षों से जेल में बंद है। उसके घर से कोई भी सदस्य मिलने नहीं आता है। इस पर अपर्णा फाउंडेशन के निदेशक अमिताभ गुप्ता और रोटरी क्लब कन्नौज के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला ने जिला जज से जुर्माना जमा करने की स्वीकृति मांगी।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के



जुर्माना जमा होने के बाद जेल से रिहा शिव कुमार व मौजूद जेल स्टाफ।

मोहल्ला चौधरियान निवासी शिव कुमार पुत्र गंगा राम मामूली धारा में वर्ष 2018 से जेल में बंद थे। तब से उससे कोई भी परिवार का सदस्य मिलने नहीं आया। उस पर न्यायालय की ओर से दस हजार रुपए जुर्माना लगाया गया था। लगाया गया जुर्माना जमा करने के लिये उस के पास रुपये नहीं थे। परिवारी जन भी मिलने नहीं आ रहे थे इससे वह परेशान था। तीन दिन पूर्व रोटरी क्लब ने जिला कारागार में लगाए गए कैंप में इस कैदी ने जिला जज नरेंद्र कुमार झा से निवेदन किया था। इस पर जिला जज ने रोटरी क्लब और अपर्णा फाउंडेशन के पदाधिकारियों को बताया था। इस पर रोटरी क्लब, अपर्णा फाउंडेशन के पदाधिकारियों अपनी स्वीकृति दे दी थी। लगाया गया जुर्माना की राशि दस हजार रुपये न्यायालय में जमा कर दिया। रविवार को कैदी को रिहा कर दिया गया। जिला जज नरेंद्र कुमार झा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आर के सिंह, विधिक प्राधिकरण की सचिव जज अनुजा सिंह, जिला कारागार के अधीक्षक सूबेदार यादव, डिप्टी जेलर अजय कुमार सहित कई अधिकारियों ने अपर्णा फाउंडेशन और रोटरी क्लब की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# कॉमर्शियल गैस के दाम बढ़ने से होटल ढाबों में जलने लगीं भट्ठियां

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- दाम बढ़ने से कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई घटी

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी का असर दिखने लगा है। होटल व ढाबा संचालकों ने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कोयला भट्ठी का प्रयोग शुरी कर दिया है.

दरअसर कस्बे में बढ़ती कॉमर्शियल गैस की कीमतों ने होटल, ढावा चाट टिक्की व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। गैस के लगातार बढ़ते रेट के चलते अब मिठाई और रेस्टोरेंट संचालकों ने कोयला भट्ठी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, महंगाई का सीधा असर खपत पर पड़ा है। कस्बा स्थित एक गैस एजेंसी के संचालक सुनील कटियार ने बताया कि गैस के बढ़े दामों के कारण व्यापारियों ने कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई लेना लगभग बंद कर दिया है। पहले जहां रोज सिलेंडरों की अच्छी खपत होती थी, वहीं अब स्थिति बिल्कुल उलट हो गई है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी से प्रतिदिन करीब 24 सिलेंडर सप्लाई के लिए भेजे जा रहे हैं, लेकिन मांग न होने के कारण उनकी खपत नहीं हो पा रही है। नतीजतन एजेंसी पर सिलेंडरों का स्टॉक बढ़ता जा रहा है। वर्तमान समय में 50 से अधिक कॉमर्शियल सिलेंडर एजेंसी पर बिना उपयोग के पड़े हैं।

व्यापारियों का कहना है कि गैस की बढ़ती कीमतों में काम करना घाटे का सौदा साबित हो रहा है, इसलिए वे मजबूरी में कोयला भट्ठी का सहारा ले रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में गैस की खपत और भी कम हो सकती है।

परीक्षा | जिले में बनाए गए थे 10 केंद्र, 375 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

# 2865 ने दी जेई सिविल की मुख्य परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के 10 केंद्रों पर अवर अभियंता (जेई) सिविल की मुख्य परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कुल पंजीकृत 3240 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2865 शामिल हुए और 375 ने इम्तिहान छोड़ दिया।

रविवार को सीसीटीवी निगरानी में जेई (सिविल) मुख्य परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एक पाली में आयोजित हुई। भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में 330, राजकीय इंटर कॉलेज समधन 173, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा 434, जीआईसी उमर्दा 211, सुशीला देवी बालिका



शहर के सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रीना कनौजिया से जानकारी लेते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।

- डीएम व एसपी ने केंद्रों पर पहुंचकर लिया परीक्षा का जायजा

इंटर कॉलेज 260, जमुना प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज 205, सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज 337, गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर 210, केके इंटर कॉलेज कन्नौज 359 तथा डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा में 346 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। अधिकारियों ने कंट्रोल रूम देखा। बायोमैट्रिक उपस्थिति, पत्रक, उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान, सीलिंग व पैकिंग की प्रक्रिया भी देखी साथ ही सतर्कता बरतने निर्देश दिए। दूसरी ओर परीक्षा एक दिन पहले ही दूर के जनपदों के अभ्यर्थी कन्नौज में आ गए। केंद्र देखने के बाद उन्होंने जिले में ही रात गुजारी। कईयों को ठहरने के लिए होटल आदि नहीं मिले तो खुले में ही रुके।

# विवादित डॉक्टर की दोबारा तैनाती पर भड़का आक्रोश

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- सौ शैया अस्पताल में जनवरी में चर्चा में आया था ऑपरेशन प्रकरण
- भाकियू किसान जिला अध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** नगर के सौ शैया अस्पताल में जनवरी में हुए चर्चित ऑपरेशन प्रकरण के मुख्य आरोपी डॉ. विपिन सचान को पुनः चार्ज दे दिया गया है। इससे जनता में भारी आक्रोश है।

भारतीय किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने बताया कि पूर्व में हुए मामले में कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई थी। अब उसी डॉक्टर की दोबारा नियुक्ति से लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। आरोप लगाया कि उक्त चिकित्सक पर नर्सिंग होम से जुड़े होने और मरीजों को वहां रेफर करने का भी संदेह है, जिससे गरीब मरीजों का शोषण हो सकता है।

संगठन के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश दुबे ने कहा कि इस मामले को लेकर जल्द ही जिलाधिकारी से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। गौरतलब है कि 23 दिसंबर को एक महिला मरीज रिचा के ऑपरेशन के दौरान अयोग्य व्यक्ति द्वारा सहयोग किए जाने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया था और मुकदमा दर्ज किया गया था। चेतावनी दी गई है कि तीन दिन में कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 4 मई 2026



# तेज आंधी-पानी से मची तबाही आम, मक्का की फसल चौपट

## शनिवार रात आई बारिश ने किसानों की कमर तोड़ी, पेड़-विद्युत पोल गिरे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शनिवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। इससे किसानों की कमर टूट गई। अचानक बदले मौसम के चलते खेतों में खड़ी मक्का व आम की फसल पूरी तरह बिछ गई और कई स्थानों पर मक्का की फसल जमीन पर गिरकर बर्बाद हो गई। तेज हवाओं का असर इतना अधिक था कि बड़े-बड़े पेड़ जड़ से उखडकर खेतों में गिर पड़े, जिससे फसल को अतिरिक्त नुकसान हुआ।

रविवार सुबह जब किसान अपने-अपने खेतों पर पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। खेतों में मक्का की फसल गिर गई। किसानों का कहना है कि इस बार उन्होंने महंगे बीज, खाद और सिंचाई पर भारी खर्च किया था, लेकिन इस आपदा ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। स्थिति को और गंभीर इसलिए मानी जा रही है क्योंकि जिले के किसान पहले से ही आलू की फसल में आई भारी मंदी से जूझ रहे हैं। आलू के गिरते दामों ने किसानों को पहले ही आर्थिक संकट में डाल रखा था, और अब मक्का की फसल के बर्बाद होने से उनकी हालत और खराब हो गई है। कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, ऐसे में दोहरी मार पड़ने से उनके सामने परिवार का भरण-पोषण करना भी चुनौती बन गया है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सर्वे कराकर नुकसान का आकलन किया जाए और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते राहत नहीं मिली तो आर्थिक संकट और गहराएगा।

### दीवार गिरने से तीन लोग दबकर घायल, रेलवे लाइन पर गिरा पेड़

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में आए तेज तूफान ने भारी तबाही मचा दी। चंद मिनटों की आंधी ने पूरे इलाके की रफ्तार थाम दी—पेड़ जड़ से उखड़ गए, सड़क और रेलवे ट्रैक बाधित हो गए। तूफान इतना तेज था कि कानपुर-फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर करीब आधा दर्जन बड़े पेड़ गिर पड़े, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सुबह के वक्त स्कूल, दफ्तर और मंडियों की ओर जा रहे लोग घंटों जाम में फंसे रहे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब 4 घंटे तक प्रशासन का कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आया, लोग खुद ही रास्ता साफ करने में जुटे रहे। मामला यहीं नहीं रुका कानपुर-फर्रुखाबाद रेलवे ट्रैक पर भी पेड़ गिरने से रेल संचालन बाधित हो गया। रेलवे विभाग की टीम को मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। खुदागंज चौकी इंचार्ज की मौजूदगी में ट्रैक को क्लियर कराया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे ट्रेनों का संचालन बहाल हो सका। सबसे सनसनीखेज और दर्दनाक घटना कमालगंज के रजीपुर गांव में सामने आई, जहां तेज आंधी के चलते एक कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। इस हादसे में तीन लोग मलबे में दब गए, जिन्हें गंभीर हालत में बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल भेजा गया।





तूफान में गिरी दीवार और पेड़। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### 21 सिलेंडरों की बारामदगी के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** एचपी फतेहगढ़ गैस एजेंसी के शो-रूम के निकट मूलचन्द्र यादव के मकान में स्थित आगे के कमरे में 8 व्यवसायिक सिलेण्डर (19 किग्रा), 9 घरेलू सिलेण्डर (14 किग्रा) एवं 4 छोटू व्यवसायिक सिलेंडर (05 किग्रा) के कुल 21 सिलेंडर मिलने के मामले में मुकदमा दर्ज करा दिया गया। प्रकरण की जांच में पाया गया कि मालिक मूलचन्द्र निवासी मोहल्ला भूसामंडी फतेहगढ़ एवं में एचपी फतेहगढ़ के होकर जमील द्वारा अवैध रूप से बीपीसीएल, एचपीसीएल एवं आईओसीएल के सिलेण्डरों का अवैध भंडारण करते हुए खरीद, बिक्री का कार्य किया जा रहा था। जिसे पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना कोतवाली फतेहगढ़ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### हर्ष फायरिंग में बालिका के घायल होने की रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में नामकरण संस्कार के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक बालिका घायल हो गई। घटना 1 मई को गांव करनपुर में हुई थी। बालिका का उपचार शहर के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। इसी मामले में पुलिस ने रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। बवना चौकी इंचार्ज ने एक नामजद व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उप निरीक्षक अभिलाख सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, गांव करनपुर निवासी गोविंद ठाकुर के यहां 10 दिन पूर्व एक बालक का जन्म हुआ था, जिसका नामकरण संस्कार 1 मई को था। कार्यक्रम में गांव के कई लोग शामिल हुए। रात्रि लगभग 11 बजे, गांव निवासी अभय ने तमंचे से हर्ष फायरिंग की। लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो अभय ने मना करने वाले व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। हालांकि, वह व्यक्ति बाल-बाल बच गया। इसी फायरिंग के दौरान एक गोली मैनपुरी जनपद के नवीगंज निवासी तान्या के दाहिने पैर की जांघ में लगी। तान्या वर्तमान में गांव भान नगर में रहती है। उसका इलाज शहर के एक निजी नर्सिंग होम में जारी है। हर्ष फायरिंग के संबंध में जानकारी जुटाने पर शुरुआत में कोई व्यक्ति खुलकर बताने को तैयार नहीं था, लेकिन जांच में घटना सत्य पाई गई। चौकी प्रभारी की तहरीर के आधार पर रविवार को पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### जन आरोग्य मेला में 130 मरीजों को मिला उपचार

**अमृतपुर।** कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। इसमें मलेरिया के 12 मरीजों की जांच हुई, जिनकी सभी रिपोर्ट नेगेटिव पाई गईं। वहीं, टाइफाइड के 10 मरीजों में से 1 पॉजिटिव और 9 नेगेटिव पाए गए। डेंगू और हेपेटाइटिस-बी के 4-4 मरीजों की जांच भी की गई, जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव रही। इसके अतिरिक्त, 15 मरीजों की शुगर की जांच की गई। स्पूटम के 5 और हीमोग्लोबिन के 3 मरीजों की भी जांच हुई। इन जांचों के साथ ही लोगों को मौके पर ही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और परामर्श उपलब्ध कराया गया।

## सेंट्रल जेल चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से मजदूर की मौत

**फर्रुखाबाद।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में एक ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल मजदूर की लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम सेंट्रल जेल चौराहे के पास हुई।

गांव गुचलियाई निवासी 45 वर्षीय वीर सहाय शनिवार शाम सेंट्रल जेल के पास पेंटिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वीर सहाय ट्रक के पहियों के बीच फंस गए। काफी मशक्कत के बाद उन्हें पहियों के नीचे से निकाला गया और तत्काल लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया था, लेकिन साथ में कोई परिजन न होने के कारण उन्हें अन्य अस्पताल नहीं ले जाया जा सका। देर रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। साथ काम करने वाले मजदूरों ने वीर सहाय के परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि वीर सहाय की पत्नी का निधन लगभग नौ साल पहले हो चुका है। वह अपने दो बच्चों का पालन-पोषण मजदूरी करके ही करते थे।



पोस्टमार्टम हाउस में गुमसुम बैठे परिजन। अमृत विचार

# खेत गए किसान की ट्रेन से कटकर थम गई सांसें

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद का सुल्तान नगर निवासी किसान खेत की रखवाली को गया था, इस दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के सुल्तान नगर गांव निवासी 50 वर्षीय ओमपाल सिंह पुत्र स्व. जंगी सिंह शनिवार रात अपने घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर खेत की रखवाली करने गए थे। देर रात खेत में घुसी आवारा नीलगाय को भगाने के दौरान वह रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गए। इसी बीच अचानक तेज रफ्तार कालिंद्री ट्रेन वहां से गुजर गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी रविवार सुबह परिजनों को हुई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जहां ओमपाल सिंह का शव देख कर परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक ओमपाल सिंह एक मेहनती किसान थे और अपने परिवार का भरण-पोषण खेती के जरिए करते थे। उनके परिवार में पत्नी ऊषा देवी, पुत्र आनंद और शिवा तथा पुत्रियां देवकी और जशोदा हैं। उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के बड़े भाई यशपाल ने बताया कि ओमपाल सिंह नियमित रूप से खेतों की रखवाली करने जाते थे।

# कश्यप निषाद संगठन धूमधाम से मनाएगा कालू बाबा की जयंती

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को कश्यप निषाद संगठन की बैठक जितेंद्र बाथम जिलाध्यक्ष हाथीखाना फतेहगढ़ के निवास स्थान पर सभासद संत कुमार बाथम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मई माह में श्रृंगवेरपुर धाम यात्रा के सम्बन्ध में चर्चा की गई । बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार बाथम ने कहा आगामी 24 मई को देवर्षि नारद के गुरु श्री कालू बाबा जी की जयंती धूमधाम मनाई जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार बाथम, जिला उपाध्यक्ष-कुलदीप कुमार बाथम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष - संदीप बाथम, महासचिव -रोहित बाथम, जिला सचिव- श्री निवास, संर कुमार बाथम, जंगली लाल बाथम रहे।




बैठक में विचार-विमर्श करते कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## स्टेट हाई-वे पर हादसे का शिकार हुआ हिरन

**अमृतपुर।** अमृतपुर तहसील क्षेत्र में फर्रुखाबाद-बदायूं स्टेट हाइवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक हिरन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना अमृतपुर तहसील क्षेत्र में कुठला झील के पास शनिवार-रविवार देर रात हुई।

वहां से गुजर रहे ग्राम पिथनापुर अमन सिंह ने घायल हिरन को देखा और इसकी सूचना गोरक्षक अभय को दी। अभय ने तत्काल देर रात करीब एक बजे वन विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वन अधिकारी अनूप कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल हिरन को प्राथमिक उपचार किया गया।

# धूमधाम से मनाई नारद जयंती

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन के चौक स्थित कार्यालय पर संस्था के बैनर तले नारद जयंती मनाई। देवर्षि नारद के आदर्शों पर चलकर पत्रकारिता को लोक मंगल के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार विपिन बिहारी सक्सेना ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी रहे। मुख्य वक्ता कृष्ण कांत अक्षर ने देवर्षि नारद के तीनों युगों में योगदान पर विशेष चर्चा की। अध्यक्षता विपिन बिहारी सक्सेना ने की। इस मौके पर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल गौड़ को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रविन्द्र भदौरिया, ओम प्रकाश शुक्ला, ताहिर खान, दीपक तिवारी, अनिल प्रजापति, प्रमोद द्विवेदी, महेश वर्मा, विश्व प्रकाश चतुर्वेदी, सुरेश गुप्ता, सुशील मिश्रा, अनुराग पांडेय, इरशाद अली, दिलीप कश्यप, रेहान खान, ज्ञान चंद्र राजपूत आदि रहे।



ऋषि नारद की जयंती मनाते पत्रकार व अन्य। अमृत विचार

# बछ्ज्जापुर गांव के सामने कटा फुटपाथ, बना मुसीबत

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)

**अमृत विचार।** बछ्ज्जापुर गांव में सड़क का फुटपाथ कट गया है जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। कार्यदायी संस्था से कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बछ्ज्जापुर गांव के ठीक सामने तिर्वा-इंदरगढ़ के व्यस्त मार्ग पर सड़क के फुटपाथ पर कई फिट गहरा गड्ढा बना है। ग्रामीण नसीम ने बताया कि ये बड़ा गड्ढा कई वर्षों से है। पूरा फुटपाथ गड्ढे में समा गया है। रोज कई बाइक सवार गिर कर घायल हो जाते हैं। 20 मार्च को इसी खड्डे को बचाने के प्रयास में ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार बहन-भाई की मृत्यु हो गई थी। इस व्यस्त मार्ग पर रोज सैकड़ों भारी वाहनों का आवागमन होता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पी डब्ल्यू डी विभाग को सूचित भी किया गया है किंतु इस समस्या का कोई निकारण नहीं हो सका है।



सड़क का कटा हुआ फुटपाथ। अमृत विचार

# गौशाला में बन रहा आधुनिक फव्वारा भगवान की जटाओं से निकलेगा पानी

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

**अमृत विचार।** जिस तरह से नगरपालिका की आधुनिक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है उससे यह लगने लगा है कि यह आस-पास जनपदों में सबसे आधुनिक और विशाल होगी। पालिकाध्यक्ष के प्रयासों से यहां आधुनिक फव्वारे का निर्माण कराया जा रहा है। फव्वारे में भगवान शंकर की जटाओ से पानी गिरेगा।

नगरपालिका प्रशासन द्वारा फर्रुखाबाद रोड पर लगभग 17 बीघा जमीन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त वृहद गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है जो अब अपने अंतिम चरण में है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि इस गौशाला में लगभग 500 गोवंश रखने की व्यवस्था है। उन्होंने जहां अपने संसाधनों से विभिन्न किस्म के फूलों के साथ तमाम फलों के सैकड़ों कीमती पौधे लगवाए हैं वहीं गोबर गैस संयंत्र भी बनवाया गया है। इसके अलावा आधुनिक वाटिका का भी निर्माण कराया गया है।

गौशाला को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए लोगों के सहयोग से गेट के पास विशाल झरने का निर्माण कराया है। इस फव्वारा में सबसे ऊपर भगवान शंकर की जटा वाली मूर्ति स्थापित की जाएगी। जटाओं से फव्वारा निकलेगा। इसके अलावा मेन गेट पर गाय-बछड़े के साथ भगवान कृष्ण की मूर्ति लगवाई जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि गौशाला को दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।



गौशाला में निर्माणाधीन आधुनिक फव्वारा। अमृत विचार

# गैंगस्टर के दो वांछित चढ़े पुलिस के हत्थे

**कन्नौज।** इंदरगढ़ पुलिस ने गैंगस्टर दो वांछितों को गिरफ्तार किया है।

थाना इन्दरगढ़ पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चले रहे आरोपी मनोज पुत्र प्रमोद कुंमार व मनीष राजपूत पुत्र जागेश्वर दयाल निवासीगण ग्राम विशुनापुर थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज को पटेल नगर तिराहा ठेका देशी शराब के सामने से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी मनोज पर इंदरगढ़ थाने में तीन व आरोपी मनीष राजपूत के खिलाफ दो मुकद में दर्ज हैं। गिरफ्तार करने में थानाध्यक्ष इंदरगढ़ नीलम सिंह, वरिष्ट उप निरीक्षक शीलेश कुमार, सिपाही आशीष अवस्थी, दिनेश सिंह, मनीष कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, पवन कुमार, अशोक कुमार, महिला सिपाही प्रज्ञा को सफलता मिली।



पुलिस गिरफ्त में गैंगस्टर के आरोपी। अमृत विचार

## प्रदर्शन

### नगर पालिका में हंगामा काटते हुए बताई अपनी व्यथा

# ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने नौकरी जाने पर मंत्री को घेरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद में श्रमिक सम्मान समारोह में पहुंचे समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने घेर लिया। ऑपरेटरों ने बिना किसी पूर्व सूचना के नौकरी से निकाले जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। चेयरमैन पर साजिश का आरोप भी लगाया। मंत्री के दूसरे स्थान पर नौकरी के आश्वासन दिया।

रविवार शाम नगर पालिका परिषद के सभागार में श्रमिक सम्मान समारोह था जिसमें समाज कल्याण मंत्री व सदर विधायक असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। पालिका के ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने उन्हें घेर लिया। पालिका चेयरमैन के प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद रईस अहमद पर साजिश के तहत नौकरी से निकालने का आरोप लगाया। ऑपरेटरों ने बताया कि उन्हें अचानक फोन पर सूचित किया गया कि ट्यूबवेलों का संचालन अब ऑटोमेटिक सिस्टम से होगा, जिसके कारण उनकी नौकरी समाप्त की जा रही है। इसकी जानकारी पहले से देनी चाहिये थी। ऑपरेटर दुष्यंत पांडेय ने आरोप लगाया कि बिना किसी नोटिस के उनकी नौकरी खत्म की जा रही है। सरकार द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मियों का वेतन बढ़ाने का आदेश आने के बाद पुराने ऑपरेटरों को हटाया जा रहा है, ताकि चेयरमैन अपने लोगों की भर्ती कर सकें। ऑपरेटरों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी नौकरी खत्म की गई तो वे निर्णायक लड़ाई लड़ने को विवश होंगे। समस्या सुनने के बाद मंत्री ने चेयरमैन प्रतिनिधि और अधिशासी अधिकारी श्यामेन्द्र मोहन चौधरी से बात की। निर्देश दिए कि ऑपरेटरों की नौकरी खत्म करने के बजाय उन्हें नगर पालिका के अन्य कार्यों में लगाया जाए। सुझाव दिया कि कुछ ऑपरेटरों से पालिका की गाड़ियां चलवाई जाएं, जबकि अन्य से हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स की वसूली कराई जाए, ताकि उन्हें बेरोजगार होने से बचाया जा सके। नगर पालिका में ट्यूबवेल आपरेटर अजय कुशवाहा, मोहित पाठक, रवि तिवारी, प्रांशु द्विवेदी, शालू पाठक, प्रभात गुप्ता, हनी सैनी, संजय यादव, पंकज राठौर, निखिल तिवारी, अजय तिवारी, सुरेश प्रभु दयाल, पवन कुमार अहिरवार ने मंत्री असीम अरुण को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मंत्री असीम अरुण से बात करते नगर पालिका के नलकूप चालक व अन्य।

## पुलिस ने आपत्तिजनक पोस्ट पर छात्र को पकड़ा, चेताकर छोड़ा

**तिर्वा, कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करना 12वीं के छात्र को भारी पड़ गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया। बाद में माफीनामा लिखवाकर छोड़ दिया।

रविवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्र ने सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ पुतला फूंकने के लिए कस्बे के गांधी चौराहे पर एकत्र होने का आह्वान किया। पोस्ट वायरल होते ही पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए छात्र को पकड़ लिया। इस पर समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। इनमें लोहनी वाहिनी के जिलाध्यक्ष अंशू पाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख इंद्रेश यादव, हुकुम सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से बातचीत कर छात्र की पोस्ट को गलती बताते हुए उस पर कोई सख्त कार्रवाई न करने का अनुरोध किया। हिरासत में लिए गए छात्र ने भी अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित माफीनामा दे दिया। पुलिस ने छात्र व परिजनों के निवेदन पर कोई कार्रवाई न करते हुए छोड़ दिया। कोतवाल संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि वह इंटर का छात्र है। छात्र के परिजनों ने दोबारा भविष्य में ऐसी गलती न होने का आश्वासन दिया है।

# स्कूल जाने की उम्र में कबाड़ बीनने में गुजर रहा बचपन

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** सर्व शिक्षा अभियान, सभी को शिक्षा मिले यह है सरकार का प्रयास जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर रैली निकालने वालों के लिए यह तस्वीर आइना दिखाती नजर आती है। अभियान की आंच इन तक नहीं पहुंच सकी है लेकिन पेट की आग ने कबाड़ बीनने पर विवश कर दिया है।

सरकार सभी को शिक्षा देने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान, सर्व शिक्षा अभियान जैसे कार्यक्रम चलाती है। इसके बाद टीचरों को घर-घर भेज कर अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने का अनुरोध करते हैं। बावजूद इसके इसका असर नहीं दिखाई दे रहा है या कहें कि पारिवारिक स्थितियां इसका साथ नहीं दे रहीं। कस्बा में सुबह से ही 8 साल से 12 साल तक के बच्चे कबाड़ बीनते नजर आते हैं। तस्वीर यह भी बताती हैं की शिक्षा विभाग के अधिकारी भी इसको लेकर सजग नहीं है। और लोगों को इसकी जानकारी नहीं है इसकी वजह से तमाम बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। बच्चों के अभिभावकों का भी अजीब तर्क है उनका कहना है कि कबाड़ बीन कर बच्चे चार से पांच सौ रुपए प्रतिदिन कमा कर लाते हैं जिससे परिवार का खर्च चलता है। स्कूल में भेजने से कोई लाभ नहीं है।



कबाड़ बीनते बच्चे। अमृत विचार

- परिजनों को शिक्षा के लिये प्रेरित करने नहीं पहुंच रहे जिम्मेदार

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में युवक को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के गांव व्यासपुरा में खेत पर काम कर रहे एक 20 वर्षीय युवक को सांप ने काट लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। अंकित पुत्र हरजेश सुबह गेहूं के गट्ठे पलट रहा था, तभी सांप ने डस लिया। परिजन उसे तुरंत 50 शैया अस्पताल बकेवर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सुबह 8:30 बजे खुलेंगे सरकारी दफ्तर

**इटावा।** डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि ग्रीष्मकाल में एक मई से 30 मई तक सभी अधीनस्थ माल, एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेटो, चकबन्दी, तहसील, न्यायालयों तथा राजस्व एवं दण्ड अभिलेखागारों का समय प्रातः 8-30 बजे से अपरान्ह 2-30 बजे तक रहेगा। इस बीच लन्च ब्रेक 11 बजे से 11-30 बजे तक पूर्वान्ह में अनुमन्य होगा। कलेक्ट्रेट व अधीनस्थ कार्यालयों का समय प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक यथावत रहेगा।

### बाइक से गिरकर दो लोग गंभीर घायल

**महेवा।** बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे गिरने से बाइक चालक सहित दो लोग घायल हो गए, जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। महेवा निवासी संजय शर्मा पुत्र सुरेंद्र शर्मा अपने साथी प्रवेश राठौर पुत्र मदन मोहन के साथ बाजार की ओर जा रहे थे। पशु अस्पताल के निकट बाइक फिसल गई जिससे दोनों लोग चोटिल हो गए। पीछे बैठे प्रवेश के पैर में फैक्चर हो गया। संजय को भी चोट आई। परिजन निजी अस्पताल ले गए जहां उपचार के बाद रिफर किया गया।

### उपचार के दौरान युवक की मौत

**भरथना।** क्षेत्र अंतर्गत वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान पीजीआई सैफई में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पड़ियापुरा-साम्हो संपर्क मार्ग पर बनामई गांव के सामने शुक्रवार को किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार रिंकू 30 पुत्र वीरेंद्र शाक्य निवासी सराय रमायन गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**इटावा।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अड्डा गूलर गांधी नगर निवासी शिवम सिंह (34) पुत्र राजेन्द्र सिंह रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी घटनास्थल पर पहुंची। परिजन भी मौके पर पहुंचे। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, भर्ती कराया

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत उदयपुरा के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। रंजीत सिंह पुत्र जगदीश नारायण निवासी झम्मनपुर बसरेहर को उदयपुरा थाना फ्रेंड्स कालोनी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# चार दिन से बत्ती गुल, लखना उपकेंद्र में हंगामा

## बकेवर क्षेत्र के मड़ौली गांव में बिजली आपूर्ति ठप होने पर लोगों में बढ़ा गुस्सा, चौकी इंचार्ज ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

- विभागीय लापरवाही के खिलाफ नारेबाजी कर जताया आक्रोश
- उपकेंद्र में सिर्फ एक ही कर्मचारी मिला, कोई अधिकारी नहीं था

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम मड़ौली में पिछले चार दिनों से ठप पड़ी विद्युत आपूर्ति के चलते ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए ग्रामीण सीधे विद्युत उपकेंद्र लखना पहुंच गए, जहां उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। उपकेंद्र पहुंचने पर उन्हें केवल एक कर्मचारी मौजूद मिला, जबकि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं था। इससे नाराजगी और बढ़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर पहले ही एसडीओ संत कुमार वर्मा को लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण भगवान सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आए दिन बिजली बाधित रहती है और शिकायत करने पर लाइनमैन द्वारा सुधार के नाम पर पैसे की मांग की जाती है।

सूचना पर लखना चौकी प्रभारी अंकित पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। साथ ही उन्होंने विद्युत अधिकारियों से वार्ता कर जल्द आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## तीन दिन से टूटे पड़े तार, पानी का भी संकट गहराया

संवाददाता, महेवा (इटावा)

**अमृत विचार।** तीन दिन पहले आई तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर हाईटेंशन लाइन के तार और पोल टूट गए थे। इसकी वजह से क्षेत्र के कई गांवों की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी। कुछ स्थानों पर बिजली विभाग ने लाइनों को सही कर दिया है, लेकिन अभी भी कुछ गांवों को जाने वाली बिजली की लाइनें ध्वस्त पड़ी हैं, जिसके कारण लोगों को पिछले तीन दिनों से बिजली की सप्लाई नहीं मिल पा रही है। भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने से लोग खासा परेशान हैं। पानी का संकट गहरा गया है। अब लोगों का धैर्य टूट रहा है।



आंधी से टूटे थे हाईटेंशन लाइन के तार, जो दुरुस्त नहीं हुए। अमृत विचार

ग्राम पंचायत पुरावली के ग्राम नगला खांद में तीन दिन पूर्व आई तेज आंधी के चलते 11 केवी बिजली लाइन के तार टूट गए थे, जिससे गांव की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। बताया जा रहा है कि खांद पर रखा ट्रांसफार्मर भी अपनी जगह से हिल गया और खंभे कमजोर हो गए, लेकिन अब तक कोई मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवाब सिंह राजपूत ने बताया कि पिछले तीन दिनों से गांव में बिजली नहीं है, लेकिन विभाग द्वारा समस्या पर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब जेई नरदेव सिंह गौतम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आंधी के कारण कई जगहों पर तार टूटे हैं, जिन्हें ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने रविवार शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल करने का भरोसा दिया है। लेकिन मौके पर अब तक कोई कार्य होता नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के चलते बिजली न होने से हालात खराब हो गए हैं। गर्मी की वजह से पूजा, गुड्डी देवी, नीलम और रानी देवी बीमार हो गई हैं। गांव के सोनू कठेरिया, सुदीप राजपूत, शिवन राठौर, राहुल राजपूत, प्रवीन दिवाकर, रेशु राजपूत सहित अन्य ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

## एसएसपी ने कई थानाध्यक्ष बदले

**इटावा।** जिले में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने निरीक्षक और उपनिरीक्षक स्तर पर बदलाव किए। कई थानों के प्रभार बदले गए हैं, जिनमें लवेदी, पछायगांव और महिला थाना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

पीआरओ निरीक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा को लवेदी थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। लवेदी क्षेत्र में लगातार बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है ताकि कानून व्यवस्था को बेहतर तरीके से संभाला जा सके।

महिला थाना में तैनात निरीक्षक निर्मला कुमारी को पछायगांव थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं लवेदी थानाध्यक्ष प्रीति सेंगर को महिला थाना का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना में तैनात उपनिरीक्षक शंकरानंद को एसएसपी का पीआरओ बनाया गया है।

# परशुराम सेवा समिति की बैठक

संवाददाता, इकदिल (इटावा)

- बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर तैयार की गई व्यापक रूपरेखा
- संरक्षक सम्मेलन 10 मई को, मेधावी सम्मान समारोह 14 जून को होगा

**अमृत विचार।** परशुराम सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक कायस्थान इकदिल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट और संचालन प्रदेश महासचिव जयशिव मिश्रा ने किया। बैठक में भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर पूजा अर्चना की गई। बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया कि 10 मई को मां जगदंबा देवी मंदिर में संरक्षक सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन किया जाएगा।

सम्मेलन का संयोजक संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी को बनाया गया। इसके साथ ही मेधावी सम्मान समारोह 14 जून को प्रात 10 बजे से मधुवन वाटिका इटावा में आयोजित किया जाएगा। मेधावी सम्मान समारोह में संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री के द्वारा लिखी गई महादेव वर्मा की पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने कहा



संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री को चित्र भेंट करते सुशील सम्राट। अमृत विचार

कि निष्क्रिय पदाधिकारियों को पदमुक्त कर सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने गोपाल मिश्रा को परशुराम सेवा समिति इकदिल का नगर अध्यक्ष घोषित किया।

बैठक में हरदोई की ममता मिश्रा के खिलाफ हरिजन एक्ट के मुकदमे की निंदा की गई और मांग की गई कि फर्जी मुकदमे को तत्काल समाप्त किया जाए। बैठक में कोर कमेटी गठन किया गया, जिसमें हरिप्रकाश चौधरी, डॉ.सुशील सम्राट, विनय कुमार द्विवेदी, जयशिव मिश्रा, गोपालजी मिश्रा, मनोज कुमार पांडेय, मुकेश दीक्षित, राजेंद्र देव दुबे, राज तिवारी, गोपाल मिश्रा आदि को शामिल किया गया है।

बैठक में संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री, सदस्य मनोज कुमार पांडेय को परशुराम जी की प्रतिमा भेंट करके सम्मानित किया गया।

## बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर

**बकेवर।** स्थानीय कस्बे के औरैया रोड पर सड़क पार करते समय एक वृद्ध को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

कस्बे के गांधीनगर मुहाल निवासी सर्वेश त्रिपाठी शनिवार की शाम औरैया रोड पार कर रहे थे। इसी दौरान बकेवर चौराहे की ओर से तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना देखकर आसपास के दुकानदार तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल को निजी वाहन से इलाज के लिए 50 शैया अस्पताल बकेवर पहुंचाया। वहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर मौ तैय्यब ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए।

# केमिस्ट्री ने उलझाया, बॉयों में राहत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** रविवार को जिले के आठ केंद्रों पर नीट की परीक्षा कराई गई। कड़ी निगरानी के बीच यह परीक्षा कराई गई। परीक्षा देकर आए ज्यादातर परीक्षार्थियों ने बताया कि फिजिक्स और केमिस्ट्री के सवालों ने थोड़ा उलझाया जरूर, लेकिन बायोलॉजी के सवालों ने राहत दी। बड़ी संख्या में परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। सिर्फ 90 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

दोपहर को परीक्षार्थी इन परीक्षा केदो पर परीक्षा देने के लिए पहुंचने लगे थे। दोपहर 2:00 बजे शुरू हुई परीक्षा से एक घंटे पहले ही परीक्षार्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही उनकी सघन तलाशी ली गई और परीक्षा के दौरान भी अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और वहां व्यवस्थाओं को देखा। परीक्षा छूटने के बाद परीक्षा



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला। अमृत विचार

- कड़ी सुरक्षा के बीच 8 केंद्रों में नीट की परीक्षा सम्पन्न, डीएम ने किया निरीक्षण

देकर आए परीक्षार्थियों ने बताया कि नीट प्रश्न पत्र ज्यादा कठिन नहीं था फिर भी फिजिक्स और केमिस्ट्री के सवालों ने कुछ देर तक जरूर उलझाया। इन सवालों को आसानी से हल नहीं किया जा सकता। जिन परीक्षार्थियों ने अच्छे से तैयारी की है वही इन सवालों को हल कर पाएंगे। बायोलॉजी के सवाल कठिन नहीं थे और वह आसानी से हल कर लिए गए। 3 घंटे का समय मिला था और इस समय में प्रश्न पत्र को हल करने में कोई कठिनाई नहीं आई। खास बात यह रही कि बड़ी संख्या में परीक्षार्थी भी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। केवल 90 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य आलोक गुप्ता ने बताया कि इस परीक्षा के लिए आठ केंद्रों पर कुल मिलाकर 3778 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इनमें से 3688 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच शांतिपूर्ण तरीके से कराई गई।

# बेटा गुजरात से फोन करता रहा घर में लटक रहा था पिता का शव

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

- 15 साल पहले छोड़कर मायके चली गई थी पत्नी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बिजौली गांव में घर में अकेले रह रहे पिता को रविवार सुबह बेटे ने कई बार फोन किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। पड़ोसी को फोन कर घर भेजा तो शव लटका मिला। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य एकत्र शव पोस्टमार्टम को भेजा। मजदूर की पत्नी 15 साल पहले छोड़ मायके चली गई थी।

थाना क्षेत्र के बिजौली निवासी छोटेलाल (46) मजदूरी कर भरण-पोषण करते थे। बेटा हिमांशु है। एक बेटी कामनी की शादी हो चुकी हैं। बेटा दीपांशु गुजरात में प्राइवेट नौकरी करता है। ग्रामीणों के अनुसार रविवार सुबह करीब 9 बजे छोटेलाल को लोगों ने देखा था। राशन कोटे की दुकान तक गया था। वहां से लौटकर घर आ गया। बेटे दीपांशु ने करीब साढ़े 10 बजे पिता से बात करने को दो-तीन बार कॉल की, लेकिन एक बार भी फोन नहीं उठा। काफी देर बाद भी पिता की कॉल न आने पर बेटे को चिंता हुई। उसने घर के पड़ोस में रहने वाले जॉनसन को फोन कर पिता से बात कराने को कहा। पड़ोसी जब घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजा और कमरे के दरवाजे खुले थे। वह कमरे में पहुंची तो छोटेलाल का शव फंदे पर लटका देख चीखकर भाग खड़ा हुआ। उसने बेटे, ग्रामीणों व पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक, बिजौली चौकी इंचार्ज शोभित प्रजापति मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूचना पर पुत्री कामिनी व दामाद लवकुश मौके पर पहुंचे। दामाद लवकुश ने बताया कि मृतक की पत्नी करीब 15 साल पहले एक बेटे को अपने साथ लेकर चली गई थी। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



चांदनपुर ग्राम पंचायत में रविवार को निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदनपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक हुआ। गांव में निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय जयघोषों और धार्मिक नारों से गूंज उठा।

कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर कथा स्थल पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ कथा का शुभारंभ कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पडरपुरा स्थित सचिन साड़ी संसार द्वारा कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शरबत वितरण किया गया तथा कन्याओं को पटका उड़ाकर उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कथा व्यास आचार्य श्री राघव दास जी महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, धर्म और सत्कर्म का संदेश दिया। उनके मुखारविंद से कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के प्रथम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की।

# शादी समारोह में पथराव जबरन निकाह का दबाव

संवाददाता, इटावा

- पीड़िता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** सैफई क्षेत्र के मुचेहरा में शादी समारोह के दौरान गांव के लोगों ने गाली-गलौज और मारपीट की। आरोपियों ने दुल्हन के साथ जबरन निकाह करने का दबाव बनाया और शादी रोकने की नीयत से जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुचेहरा निवासी मुन्नी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को उनकी पुत्री फिरदोश बानो की शादी थी। शादी की रस्में चल रही थीं, तभी गांव के ही शानशाह, जन्तुन, गूंजा, बुग्गी, सोना, ईनूस और हासम ने घर में घुसकर हंगामा शुरू कर दिया। इन लोगों ने शादी के माहौल में घर में ईंट-पत्थर फेंके और रिश्तेदारों के साथ अभद्रता की। आरोपी ईनूस ने धमकी दी कि बेटी की शादी उसके साथ कर दो, वरना शादी नहीं होने दूंगा और लड़की को गोली मार दूंगा। मां मुन्नी देवी ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी फिरोजाबाद निवासी शाहरुख के साथ तय हुई थी। आरोपियों के इस उपद्रव के कारण परिवार में भय का माहौल व्याप्त हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक हेमंत कुमार को सौंपी गई है। सैफई थानाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

समारोह | तुलसी शाखा के कार्यक्रम में सीओ आयुषी सिंह ने लोगों को साइबर क्राइम के बारे में दी जानकारी

# भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने संभाला दायित्व

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद इटावा तुलसी शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह एवं कार्यशाला का आयोजन पानकुंवर स्कूल में हुआ, जिसमें डॉ. कैलाश चंद्र यादव को अध्यक्ष, डॉ. ध्रुव कुमार गुप्ता को सचिव एवं मौसमी पाल को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण महासचिव आलोक रायजादा ने ग्रहण कराया।

दायित्व ग्रहण समारोह में क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा डॉ. रमेश शुक्ला, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ राजेश नारायण दुबे, महासचिव आलोक रायजादा, वित्त सचिव निशंक जैन एवं गतिविधि संयोजक महिला सहभागिता रीना राठौर की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय दायित्वधारी अतिथियों द्वारा



दायित्व ग्रहण समारोह में मौजूद तुलसी शाखा के पदाधिकारी। अमृत विचार

भारत माता और विवेकानंद जी के चित्र पर रोली अक्षत लगाकर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का रोली अक्षत लगाकर एवं अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत, वंदन, अभिनन्दन शाखा अध्यक्ष डॉ कैलाश चन्द्र यादव एवं संयोजक रश्मि यादव द्वारा किया गया।

इस आयोजन की मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बेटियों, महिलाओं की सुरक्षा की वचनबद्धता देने के साथ ही समाज में निरन्तर बढ़ते साइबर क्राइम से जागरूक रहने की जरूरत के महत्व को भी समझाया। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद निसंदेह समाजसेवा के वर्ष भर अच्छे कार्यक्रम आयोजित करती हैं, उन्हें जागरूकता के कार्यक्रमों में परिषद का सहयोग करने एव सहयोग लेने में अत्यधिक प्रसन्नता होगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिथि हरिदत्त दीक्षित, विवेक रंजन गुप्ता, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, करुणा बंसल, अशोक अग्निहोत्री, अनीता वर्मा, सुनीता पाल, संगीता, आशा अग्निहोत्री, मौसमी पाल, डॉ गीता श्रीवास्तव, मंजू सिंह, अंजू चौधरी एवं पंकज कुमार सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य समाजसेवी लोगों सहित तुलसी शाखा के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर में सचिव डॉ ध्रुवकुमार गुप्ता ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कटरा बलसिंह नेविल रोड निवासी अर्जुन बुलानी पुत्र प्रह्लाद सिंह को दवंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत जुगरामऊ निवासी धन श्री पत्नी कुंवर पाल को दवंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया।

थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत महानेपुर निवासी गौरी शंकर पुत्र कौशल किशोर व कुमकुम पत्नी गौरी शंकर को दवंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत बीना निवासी अनुराग पुत्र सुघर सिंह को दवंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया।

# अरविंद अध्यक्ष, धर्मेंद्र महामंत्री बने

संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा इटावा का अधिवेशन विकास भवन स्थित ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। अधिवेशन एवं निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत, प्रदेश महामंत्री अतुल मिश्रा, प्रमुख उपाध्यक्ष डॉ. सुनील यादव एवं उनकी टीम लखनऊ से उपस्थित रही तथा चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

निर्वाचन में जिला अध्यक्ष पद पर अरविंद प्रताप सिंह धनगर, जिला मंत्री पद पर डॉ. धर्मेंद्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शिवराम सिंह एवं प्रशांत पोरवाल, अध्यक्ष संघर्ष समिति पद पर धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर राजीव कुमार वाल्मीकि, सह-कोषाध्यक्ष पद पर अरुण कुमार तथा कार्यालय मंत्री पद पर डॉ. विशाल



प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अधिवेशन में पहुंचे प्रांतीय नेता

स्नातक निर्वाचित घोषित किए गए। अन्य पदों पर मनोनयन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर उमा शंकर गुप्ता एवं राकेश सक्सेना, प्रमुख उपाध्यक्ष पद पर अखिलेश कुमार, सम्प्रेक्षक पद पर रामबाबू यादव, उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार, रामकुमार, डॉ. सुबोध चौहान, रामकुमार शाक्य, दीपक यादव एवं प्रशांत कुमार को दायित्व प्रदान किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि आठवें वेतन आयोग में कर्मचारियों का पक्ष शासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा अंत में सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### गलत ट्रेन में बैठे यात्री ने खींची चेन, अछल्दा में रुकी समर स्पेशल

**अछल्दा** । हावड़ा रेल मार्ग पर शनिवार को एक यात्री द्वारा चेन पुलिंग किए जाने से हड़कंप मच गया। कानपुर से उरई जाने के लिए निकला एक यात्री गलती से 05017 समर स्पेशल एक्सप्रेस में सवार हो गया। जब ट्रेन अछल्दा रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने सहयात्रियों से ट्रेन के गंतव्य के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि ट्रेन वलसाड (गुजरात) जा रही है। यह सुनते ही घबराए यात्री ने ट्रेन की चेन खींच दी। चेन पुलिंग के चलते ट्रेन को अछल्दा स्टेशन पर रोकना पड़ा। सूचना पर पहुंची आरपीएफ टीम के हरेन्द्र कुमार और अजय चौहान ने यात्री को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसकी पहचान महेश कुमार पुत्र घासीराम निवासी पाठकपुरा, थाना उरई, जिला जालौन के रूप में हुई। फफूंद आरपीएफ प्रभारी एन.के. यादव ने बताया कि यात्री से पूछताछ की जा रही है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### आटो पलटने से किराना व्यापारी घायल

**बेला (औरैया)**। थाना क्षेत्र के गांव सिमरा पुरवा निवासी भोले यादव (45) पुत्र दयाराम यादव की बेला कस्बे में किराना की दुकान है। शनिवार को वह किसी कार्य से रसूलाबाद गए थे। देर शाम वहां से ऑटो द्वारा वापस बेला आ रहे थे। जैसे ही ऑटो पिपरौली के पास पहुंचा तभी ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। जिससे भोले यादव को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना में अन्य सवारियों को हल्की फुल्की चोटें आईं जिससे वे अपने घर चले गए। बताया जाता है कि ऑटो चालक ने भोले यादव को बेला के निजी अस्पताल पंहुचाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इस संबंध में भोले यादव ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी है।

### दंत चिकित्सक को मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**अछल्दा**। कस्बे के हरिगंज बाजार निवासी निखिल यादव का दंत चिकित्सक के पद पर चयन होने के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। यह नियुक्ति पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 609 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। निखिल यादव, जो विनोद यादव के पुत्र हैं, की इस उपलब्धि से उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं, औरैया के प्रतीक दीक्षित को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। क्षेत्रवासियों ने दोनों चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पेड़ के नीचे पड़ा मिला किसान का शव

**कालपी-जालौन**। महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर मे सन्दिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत हो गई। उसका शव पेड़ के नीचे पड़ा मिला है। जिससे उसके फांसी लगाए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। सिरसा कलाकार थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर निवासी बाबू राम किसानी के साथ मेहनत मजदूरी कर अपना तथा परिवार का भरण पोषण करता था, लेकिन शराब का भी लती था जिससे उसका घर पर भी विवाद होता रहता था। शनिवार शाम से वह गायब हो गया था। घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजा भी था पर पता नही चल रहा था लेकिन रविवार सुबह खेतों की तरफ गये ग्रामीणों की नजर आम के पेड़ के नीचे पड़े शव पर पड़ी थी। मौके पर जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर मिले सबूतों के आधार पर उसके फांसी लगाए जाने के कयास लगाए जा रहे है उसके गर्दन में फंदा के साथ पास में पेड़ की लकड़ी भी टूटी पड़ी मिली है।

### लापता युवती बरामद

**कालपी जालौन**। नगर के मुहल्ला मिर्जामण्डी से गायब हुई युवती शनिवार को बरामद हो गई। परिजनों ने उसके अपहरण का आरोप लगाया था जिसे उसने नकार दिया है। नगर के मुहल्ला मिर्जामण्डी निवासी विशेष समुदाय के व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को रामचबूतरा निवासी युवक सहेली के माध्यम से बहला फुसला कर अपहृत कर ले गया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जाच शुरु की तो मामला प्रेम प्रसंग का निकला था और युवती ने युवक के साथ स्वेच्छा से जाने के सबूत भी पुलिस को दिए थे और शनिवार को युवती पुलिस के पास आ गयी और पुलिस को दिए बयानो में उसने युवक के साथ रहने की इच्छा जताई है। फिलहाल पुलिस ने युवती को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसके तहत शनिवार को पुलिस ने बयान लेकर डाक्टरी परीक्षण भी कराया है।

# बुंदेलखंड हाईवे पर युवक का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

## घर में ताला डालकर पत्नी व छोटा बेटा हुए गायब, एसपी ने भी किया मौका मुआयना

संवाददाता अछल्दा औरैया

**अमृत विचार** । थाना क्षेत्र की इटैली चौकी अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 275 के पास शनिवार देर रात 11:40 बजे एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

शनिवार रात करीब 11:40 बजे एक्सप्रेस-वे पर शव पड़े होने की सूचना डायल 112-पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी सुरेश चंद्र व इटैली चौकी इंचार्ज राम नारायण ने घटनास्थल की जांच की। मृतक की पहचान के प्रयास में रात को आसपास के ग्रामीणों को बुलाया गया। इसी दौरान युवक के दाहिने हाथ पर "रणवीर सिंह यादव" नाम गुदा हुआ मिला, जिससे उसकी पहचान हुई। बाद में उसकी की पहचान रणवीर सिंह यादव 45 साल पुत्र लक्ष्मण यादव निवासी मढ़ा प्रीतमपुरा मजरा इटैली पंचायत के रूप में हुई है। पुलिस जब मृतक के घर पहुंची तो दरवाजा की कुंडी बाहर से लगी हुई थी। लेकिन घर के सभी सदस्य गायब थे। ग्रामीणों के अनुसार मृतक रणवीर सिंह यादव की पत्नी विनीता देवी और छोटा बेटा हर्षित यादव घटना के बाद से लापता हैं। वहीं सूचना मिलने पर बड़ा बेटा अंकित यादव अपनी पत्नी के साथ कानपुर से घर के लिए रवाना हो गया।


मृतक के घर के बाहर मौजूद लोग। अमृत विचार

प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि घर के बाहर बने बरामदे में खून के निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि घटना घर पर ही हुई और बाद में शव को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर फेंका गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक शराब का आदी था और घर में अक्सर विवाद होता रहता था। हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल कर रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती, एएसपी आलोक मिश्रा व सीओ पुनीत मिश्रा ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### घायल की इलाज के दौरान गई जान

**बेला औरैया** । बेला-बिधूना मार्ग पर गांव बांधमऊ के पास शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक ऑटो और ई-रिक्शा की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की पहचान शैलेश (36) और उसकी बहन सीमा (38) पत्नी सुरेंद्र व सरोज (45) पत्नी देशराज के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक अनिलेश कुमार और हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिसमें शैलेश की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही शैलेश ने दम तोड़ दिया। शैलेश के सबसे छोटे भाई की 12 मई को शादी है। शादी में शामिल होने के लिए शैलेश बिल्हौर से अपनी बहन सीमा को लेकर घर जा रहा था। उसकी छह साल पहले शादी हुई थी। शैलेश का एक पांच साल का बेटा व दो साल की बेटी है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हनुमान सेवा समिति ने लोगों को पिलाया शर्बत


शर्बत वितरित करते समिति के लोग। अमृत विचार

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार** । कस्बे के हरीगंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हनुमान सेवा समिति द्वारा ठंडा ठंडा शर्बत वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई। इस अवसर पर महंत महेंद्र गुप्ता, अनिल पांडेय, जितेंद्र गुप्ता और ब्रजेश शुक्ला ने स्वयं शर्बत वितरण कर सेवा कार्य में भाग लिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में जनसेवा के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया, ताकि लोगों को राहत मिल सके। वहीं लोगों ने समिति के इस कार्य की जमकर प्रशंसा की। समित ने कहा आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे।

### आग से गेहूं का भूसा जलकर हुआ राख

**बेला, औरैया**। जनपद के बिधूना तहसील के विकासखंड सहार के ग्राम डमरपुर के उत्तर दिशा की तरफ अज्ञात कारणों से खेतों में काटी गई फसल के अवशेष एवं भूसे मे आग लग गई। घटना के दौरान चल रही तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप धर लिया, जिससे आसपास के 50 एकड़ खेतों में आग लग गई। देखते ही देखते आग लाखी गांव के खेतों में पहुंच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और दमकल की गाड़ियों की मदद से आग पर बमुश्किल काबू पाया। ग्राम डमरपुर निवासी संतोष, रवींद्र सतेंद्र यादव, लखी गांव निवासी रामबाबू, विनोद कुमार, ईश्वरदयाल, दसरथ, इंद्रपाल, कैलाश, संजू, दीपू, शत्रुघ्न सिंह, कल्लू सिंह, सोनू, पुत्तू, अनिल ने बताया कि आग अज्ञात कारणों से लगी है। गनीमत रही कि खेतों में गेहूं की फसल कट चुकी थी, नहीं तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के दौरान मौके पर याकूबपुर चौकी इंचार्ज संदीप जादौन, हरिश्चन्द्र, योगेश कुमार, गजेंद्र सिंह आदि रहे।

## 2 रन से जीत कर विजेता बनी नहर बाजार टीम


विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते आयोजक। अमृत विचार

कार्यालय अछल्दा औरैया।

**अमृत विचार** । अछल्दा प्रीमियर लीग (एपीएल) के तहत रविवार शाम खेले गए अंतिम मुकाबले में नहर बाजार और हरिगंज बाजार के बीच बेहद रोमांचक मैच देखने को मिला। कांटे की टक्कर वाले इस मुकाबले में नहर बाजार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 2 रन से जीत हासिल की।

मैच के दौरान दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरा दमखम दिखाया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह बना रहा। मुकाबला अंत तक रोमांचक बना रहा, लेकिन नहर बाजार टीम ने संयम बनाए रखते हुए जीत अपने नाम कर ली।

शानदार प्रदर्शन के लिए नहर बाजार टीम के खिलाड़ी शाहिद को "मैन ऑफ द मैच" चुना गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आलोक शर्मा, संदीप राठौर और फिरोज खान ने शाहिद को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके खेल की सराहना की।

### प्रसव के बाद महिला की मौत

**बेला (औरैया)**। क्षेत्र के धर्मपुर ज्ञानी निवासी संगीता (23) पत्नी पंकज कुमार की प्रसव के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

बताया गया कि संगीता को रविवार सुबह करीब 10 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सहार में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया, लेकिन नवजात मृत पैदा हुआ। दोपहर करीब 3 बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

परिजनों के अनुसार, घर लौटते समय संगीता की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी और घबराहट होने पर तत्काल उसे सीएचसी बेला लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी। उसके परिवार में तीन वर्ष की एक पुत्री वैष्णवी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## विहिप का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना : अभिनव दीक्षित


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि व अन्य लोग। अमृत विचार

संवाददाता अजीतमल औरैया

- विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न
- अजीतमल में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

**अमृत विचार** । कस्बा में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग संपन्न हो गया। जनता महाविद्यालय स्थित बी.एड संकाय में आयोजित इस वर्ग में संगठन विस्तार, कार्यप्रणाली और आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेनू गुप्ता ने की। प्रांत सहमंत्री अभिनव दीक्षित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, कि संगठन का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतक मूल्यों की रक्षा करना और समाज में जागरूकता का प्रसार करना है। दीक्षित ने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। द्वितीय दिवस में संगठन की कार्य योजना विस्तार रणनीति और समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। समापन सत्र में राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण की भावना को दोहराते हुए। कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री शिव महेश दुबे, विभाग संगठन मंत्री योगेश, विभाग संयोजक दीपक बर्मा बजरंग दल, जिला संयोजक विक्रम सिद्धांत, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अर्पणा भदौरिया, प्रखंड संयोजिका सिद्धि तिवारी मौजूद रहे।

## प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह 17 मई को


बैठक के दौरान जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार** । अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की आवश्यक बैठक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष की डॉ. सुमन्त गुप्ता की अध्यक्षता में श्री गोपाल वाटिका आश्रम में संपन्न हुई। मौजूद वैश्य बंधुओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 17 को प्रातः 11 बजे से श्री गोपाल वाटिका आश्रम में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता व कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद सलिल बिश्नोई द्वारा किया जायेगा। आयोजन में समूचे प्रदेश से परिषद के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। अनूप गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, औरैया को मुख्य स्वागताध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं। परिषद के जिला प्रभारी आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट मौजूद रहे।

## पत्रकार व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार** । प्रेस क्लब कालपी की एक बैठक किसान मार्केट टरननगंज में वरिष्ठ पत्रकार आरएन शुक्ला की अध्यक्षता में व क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। जिसमें हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर 29 मई को पत्रकारिता दिवस मनाने पर विचार हुआ।


बैठक के बाद मौजूद पत्रकार। अमृत विचार

रविवार को किसान मार्केट में आयोजित बैठक में प्रेस क्लब कालपी की एक बैठक आहूत हुई जिसमें मौजूद सदस्यों ने पिछली बैठक की पुष्टि के बाद 30 मई को पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक दिन पूर्व 29 मई को सुबह 10 बजे कालपी नगर के एक गेस्ट हाउस में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर एक गोष्ठी मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें पत्रकारों के अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान करने पर आम सहमति बनी। क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी ने कहाकि कई दशकों बाद कालपी में हिन्दी पत्रकारिता गोष्ठी आयोजित की जा रही है, जिसमें नगर, क्षेत्र व जिले के पत्रकारों को आमंत्रित करने की रणनीति तैयार की गई। बैठक के अन्त में प्रेस क्लब के वरिष्ठ संरक्षक पीटीआई के मान्यता प्राप्त पत्रकार अशोक पुरवार के बड़े भाई राम प्रकाश पुरवार का बीतें दिनों हुये निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान हरिश्चन्द्र दीक्षित, सतीश द्विवेदी, शिव नारायण प्रजापति, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, पवनदीप निषाद, देवेन्द्र चतुर्वेदी, ईशा रजा मंसूरी, सर्वेश शर्मा, अनिल बाजपेई, अनुराग पंडित, मनोज पाण्डेय रहे।

## डीएम ने निर्माणाधीन पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

संवाददाता फफूंद औरैया

**अमृत विचार** । डीएम बृजेश कुमार ने शेरपुर सरैया में निर्माणाधीन रिजर्व पुलिस लाइन के आवासीय/अनावासीय भवनों, प्रशासनिक भवन, मेस का निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित कार्य दायी संस्था को मानक और गुणवत्ता के साथ समयबद्धता से कार्य को तेजी से कराते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की प्रगति व गुणवत्ता की जांच की जाए, जिससे कार्य में किसी प्रकार की कोई शिथिलता न होने पाएं और मानक व गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि समय-समय पर पूर्ण कार्य की जिला जांच समिति द्वारा परीक्षण कराया जायेगा और यादि कार्य में किसी प्रकार की कोई कमी अथवा प्रगति में शिथिलता पाई जायेगी तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर शासन को अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर निर्माण कार्यदाई संस्था व ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

साथ ही उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फफूंद का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दवाओं और इंजेक्शनों की उपलब्धता तथा उनकी एक्सपायरी की जांच की और एंटी रेबीज व एंटी स्नेक इंजेक्शन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। फार्मासिस्ट ने बताया कि यहां प्रतिमाह करीब 100 मरीजों को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया जाता है। डीएम ने दवाओं की सूची सार्वजनिक रूप से चस्पा करने के निर्देश दिए।

**सफलता** लिफ्ट देकर लोगों की जेब साफ कर देते थे बदमाश, तीन गिरफ्तार

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार** । कोतवाली क्षेत्र में पुलिस से हुई मुठभेड़ में पुलिस ने ठगी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है वही इस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली भी लगी है।

एसपी औरैया अभिषेक भारती व अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा के निर्देशन पर सीओ बिधूना पी पुनीत मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाल बिधूना मुकेश बाबू चौहान, चालक राहुल सिंह व साइबर व स्वाट टीम के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस बल के साथ बीती रात बिधूना क्षेत्र में गपचरियापुर पुलिया के पास बदमाशों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा था तभी एक बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखाई पड़े जिस पर पुलिस द्वारा उन्हें रोकने का इशारा किया गया जिस पर बदमाशों ने पुलिस से बचकर भागने की कोशिश की लेकिन तभी गपचरियापुर पुलिया के समीप उनकी बाइक फिसल गई जिससे पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर सीधी फायरिंग कर दी, जिससे बदमाशों की एक गोली पुलिस की गाड़ी पर भी लगी वहीं पुलिस द्वारा भी अपना बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की गई जिससे दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस की गोली से घायल हुए बदमाशों की पहचान जितेंद्र उर्फ मोटा व राज कपूर निवासी कन्नौज के रूप में हुई है। पुलिस ने तीसरे बदमाश प्रदीप को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गोली से घायल हुए बदमाशों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने बताया है कि पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में बताया है कि उनके द्वारा 27 अप्रैल को बांधमऊ निवासी गंगा चरण राजपूत को बाइक से बिधूना तक छोड़ने का झांसा देकर चलती बाइक पर उसकी जेब से 50000 रुपये पार कर दिए गए थे। कीरतपुर के पास जब बाइक से उतरते समय रुपये निकलने की जानकारी गंगाचरण को हुई तो वह बदमाशों से भिड़ गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने यह भी बताया है कि यह गिरोह एक विशेष मोड्स ऑपरेंडी के तहत काम करता था और यह शातिर अपराधी रास्ते में अकेले सीधे भोले लोगों को अपनी बाइक पर लिफ्ट देने का झांसा देकर बैठाते थे और बहुत ही चालाकी से उनकी जेब साफ कर देते थे।


पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते एएसपी।। अमृत विचार

## मारपीट, धमकियों व फर्जी मुकदमों से मचा हड़कंप

**ठिकाना कैफे विवाद**

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार** । नगर के चर्चित ठिकाना कैफे प्रकरण ने अब गंभीर रूप ले लिया है। मामले में एक ओर जहां देवेंद्र कुमार दीक्षित ने थाना जालौन में प्रार्थना पत्र देकर अपने परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है, वहीं दूसरी ओर युवकों के परिजनों ने भी मारपीट, धमकी और दबंगई के गंभीर आरोप लगाए हैं।

परिजनों का कहना है कि कैफे में उनके लड़कों के साथ मारपीट की गई, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि घटना के बाद लगातार फोन कर परिवारों को धमकियां दी जा रही हैं कि यदि पुलिस या प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिया गया तो जान से मार दिया जाएगा। इन धमकियों से परिवारों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। युवकों के गार्जियनों का आरोप है कि उनके लड़कों ने कैफे में कुछ आपत्तिजनक गतिविधियां देखीं और इस पर आपत्ति जताई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। उनका कहना है कि कैफे संचालक पुनीत मुद्गल ने युवकों के साथ मारपीट की, जबकि तोड़फोड़ का आरोप झूठा लगाकर उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे कराये गए। बताया गया है कि पुनीत मुद्गल द्वारा पूर्व में कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब विरोधी पक्ष का आरोप है कि यह कार्रवाई एकतरफा है और उन्हें जानबूझकर फंसाया जा रहा है। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच लोगों की निगाहें अब पुलिस जांच पर टिकी हैं।

### ध्रुव और प्रहलाद की कथा का कराया श्रवण

**जालौन**। ग्राम माहिया खास स्थित रामजानकी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित ने ध्रुव और प्रहलाद के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा की मन में विश्वास और भगवान के प्रति श्रद्धा होने पर परमात्मा उसकी हर संभव रक्षा करते हैं। जैसे ध्रुव ने सबसे कम आयु 8 वर्ष में भगवान की प्राप्ति कर ली। यह कथा हमें यह सिखाती है कि ईश्वर अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं। इस मौके पर पारीक्षित आशा मन्ना सिंह सेंगर, मलखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, राजरानी, प्रेम कुंवर, राधा, छाया, दीपेंद्र, बीटू, दीपू, सुंदर सिंह, दुर्गा प्रसाद, राहुल, करुणा सिंह, मंजू, अनीता, छवि, नीलम, सोनम आदि एक सैकड़ा से अधिक भक्तों ने कथा श्रवण की।

## न्यूज ब्रीफ

### सुअर से टकराने पर बाइक सवार की मौत

**राठ।** छतरपुर जिले के अलीपुरा थाना क्षेत्र के चुरवारी गांव निवासी अशोक रैकवार (42) अपने मित्र नीरज पुत्र गोरेलाल के साथ उरई में एक बीमार रिश्तेदार को देखने गए थे। शनिवार की रात उरई से घर लौटते समय उनकी तेज रफ्तार बाइक राठ-पनवाड़ी मार्ग पर कैथा मोड़ के पास अचानक एक जंगली सूअर से टकरा गई। हादसे में घायल अशोक रैकवार की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। साथी नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। नीरज को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### महिला को बाइक ने मारी टक्कर, रेफर

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 16 की सुधा देवी (45) टेंट हाउस के समीप हाईवे किनारे खड़ी थी, तभी हमीरपुर की ओर से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। इस हादसे में सुधा देवी हाईवे किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### फर्जी चालान भेजकर 5 हजार रुपये ठगे

**हमीरपुर।** शहर के मेरापुर निवासी गौरव सिंह पुत्र मदन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को उसके पास आरटीओ का चालान नाम से एपीके फाइल आई। जैसे ही उसने लिंक पर क्लिक किया, उसके मोबाइल पर ओटीपी आई। उसे उसने अनदेखा कर दिया। थोड़ी ही देर में उसके खाते से पांच हजार रुपये की निकासी का मैसेज आया। पीड़ित ने रविवार को साइबर थाना में रपट दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

### युवक को ई रिक्शा ने मारी टक्कर, गंभीर

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के चकोठी गांव निवासी सोबरन (30) पुत्र जयराम रविवार को दोपहर 12 बजे चकोठी गांव में सड़क पार कर रहा था। तभी ई रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### लेनदेन के विवाद में लाठी से सिर फोड़ा

**बिवांर।** क्षेत्र के धनपुरा निवासी जगरूप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का भवानीदीन वर्मा उसके साथ शटरिंग का काम करता है। रविवार की सुबह 6.30 बजे वह घर आया और हिसाब करने की बात कही। उसने शाम को हिसाब देने की बात कही और काम देखने चला गया। इसी बीच भगवानदीन अपने परिवार के रोहित एवं गोविंदा को लेकर उसके घर आया और गालीगलौज करने लगा। पत्नी घर पर मौजूद थी। आरोपियों ने उसका हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास किया। इसी बीच वह पुत्र के साथ घर पहुंचा तो उसके पुत्र को लाठी मारकर सिर फोड़ दिया। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि जांच के लिए पुलिस को गांव भेजा गया है।

### दीवार फांदकर नगदी व जेवरात किए पार

**बिवांर।** क्षेत्र के टीहर गांव निवासी बाबूलाल पाल करीब रात दस बजे खाना खाकर सपरिवार सो गए। करीब एक बजे चोर दीवार फांदकर उसके घर में घुसे। कमरे में रखे पिट्ठू बैग से अलमारी की चाबी निकालकर 30 हजार रुपये नगद, कमरे में रखे बक्सा उठा ले गए। बक्से में सोने का मंगलसूत्र, चांदी की हाफ पेटी, पायल थी। रात करीब 3 बजे पत्नी प्रेमा की आंख खुलने पर दरवाजा खुला देखा तो पति को जगाया। रात में ही यूपी 112 नंबर पर फोन किया। बक्सा पास के खेत पर खाली पड़ा मिला। कुनेहटा चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर चोरों की तलाश की जाएगी।

### बज्म-ए-करीम के बैनर तले मुशायरा

**मौदहा।** बज्म-ए-करीम के बैनर तले हुसैनगंज निजामीपुरा में मास्टर फखरुद्दीन यावर मौध्वी के आवास पर मुशायरा हुआ। सदारत फिरोज़ कमाल ने की, संचालन मूलचंद्र वारसी ने किया। मुख्य अतिथि सलीम मजदूर रहे। मुशायरे की शुरुआत फहीम रजा ने नात से की। यहां बदरुद्दीन तैयब, मसीह निज़ामी, इनायत मोईन चिश्ती, रमजान खां साहिल, मूलचंद्र वारसी, क़मर निज़ामी, इस्लाम मौधवी, निज़ाम मौधवी, नसीम आलम आदि रहे।

## महिलाओं का नगर पंचायत में प्रदर्शन

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड संख्या 5 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालय में कई माह से ताला बंद रहने से महिलाएं खुले में जाने को मजबूर हैं। महिलाओं ने नगर पंचायत में प्रदर्शन करते हुए ताला खोले जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है।

वार्ड संख्या पांच की रहने वाली सिम्मो गुप्ता, ममता, सत्यवती, शिवकली, लीलावती, गीता देवी, रीता, अनीता, कुसमा, मुन्नी, अनिल, राजा बाबू, रामदयाल, बडकू, अवध नरेश, गुड्डन आदि ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि कई माह पहले मरम्मत के नाम पर शौचालय को बंद किया गया था। तब से तीन माह से अधिक समय गुजर जाने के बाद शौचालय का ताला नहीं खोला गया है। इससे वह खुले में शौच जाने को मजबूर हो रहे हैं। महिलाओं ने अविलंब शौचालय का ताला खोले जाने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन वार्ड के वाशिंदों को दिया है।


सुमेरपुर नगर पंचायत में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन

**मौदहा।** स्मार्ट मीटर के खिलाफ आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर को डिजिटल लूट बताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को राहत के बजाय आर्थिक बोझ बढ़ा है। नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद ने सवाल उठाते हुए जांच की मांग की। इस दौरान त्रिलोक चन्द्र, आदित्य प्रजापति, मोहित गुप्ता, दिलीप कुमार सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शादी के 6 दिन पहले युवती की मौत

### कोल्डड्रिंक बनी जहर

- एक्सपायरी डेट की कोल्डड्रिंक पीने से युवती की चली गई जान
- युवती की आठ मई को आनी थी बारात, परिवार में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** एक्सपायरी डेट की कोल्डड्रिंक पीकर बीमार हुई युवती की शनिवार की देर रात इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवती की पांच दिन बाद आठ मई को बारात आने वाली थी। युवती के साथ कोल्डड्रिंक पीने वाले कुछ बच्चों को भी उल्टी के साथ चक्कर आने की शिकायत हुई थी, जिनका उपचार के बाद हालत में सुधार हो गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के धाना गांव निवासी हरिश्चंद्र निषाद की पुत्री खुशबू (18) ने शनिवार को अपने गांव की दुकान से कोल्डड्रिंक मंगाई थी। मां गुलाब रानी खुद कोल्डड्रिंक लेने गई थी। घर में खुशबू के अलावा कुछ बच्चों ने भी कोल्डड्रिंक पी थी। कोल्डड्रिंक पीने के कुछ देर बाद इन सभी की हालत बिगड़नी शुरू हो गई। खुशबू की मां गुलाब रानी ने बताया कि दिन में बच्चों की हालत तो इलाज के बाद ठीक हो गई, मगर खुशबू को आराम नहीं मिला, जिसके चलते उसका निजी अस्पताल में इलाज भी कराते रहे।

शनिवार की देर रात हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिवार के लोग खुशबू को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आ रहे थे, तभी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना घर पहुंची तो उसके परिवार में कोहराम मच गया। मां गुलाबरानी ने बताया कि घर में खुशबू की शादी की तैयारियां चल रही थीं। आठ मई को शादी होने वाली थी। थाना क्षेत्र के तारन डेरा गांव से उसकी बारात आने वाली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।


युवती की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

## बदमाशों ने महिलाओं को पीट कर नकदी और जेवरात छीने

### सुमेरपुर थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव के पास वैन को रोककर बदमाशों ने की वारदात

- महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार मारपीट में एक की टूटी उंगली
- किसवाही गांव से बच्चे का मुंडन कराने चित्रकूट जा रहे थे पीड़ित

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** किसवाही से चित्रकूट मुंडन कार्यक्रम के लिए जा रहे लोगों पर मुंडेरा गांव के निकट बदमाशों ने वाहन रोककर महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की और नकदी एवं जेवर आदि लूट ले गए। सूचना देने पर पहुंची पीआरवी टीम ने आरोपियों को पकड़ने के बजाय पीड़ितों को ही बंद करने की धमकी दी। पीड़ितों का आरोप है कि थाने पहुंचने पर पुलिस ने मदद करने के बजाय उन्हें भगा दिया और सुबह दोनों पक्षों को थाने आने के लिए कहा।

सिसोलर थाना क्षेत्र के किसवाही गांव निवासी रोहित कुमार ने बताया कि अपनी बहन सोमवती एवं चाची राजेश्वरी एवं रिश्तेदारों के साथ मुंडन कार्यक्रम के लिए वैन से चित्रकूट जा रहे थे। शनिवार की रात करीब 11 बजे मुंडेरा गांव के निकट कुछ लोगों ने उनको रोक लिया और मारपीट करने लगे। मारपीट करने से चाची राजेश्वरी की उंगली में गंभीर चोट आई है, जबकि रोहित कुमार सिर सहित कई जगह पर चोटें आई है।

रोहित का आरोप है कि मारपीट करने के दौरान बदमाशों ने उसकी जेब में पड़े 30 हजार रुपये छीन लिया। वहीं बहन सोमवती ने आरोप लगाया कि हमलावर उसके पर्स में पड़े दो हजार रुपये एवं गले में पहने सोने का मंगलसूत्र व हार छीन कर ले गए। पीड़ितों ने बताया कि फोन करने पर मौके पर आई पीआरवी पुलिस आरोपियों को पकड़ने के बजाय उन्हें ही धमकाने लगी। वह रात में ही थाने पहुंचे, मगर थाने में भी पुलिस ने मदद करने के बजाय उन्हें भगा दिया और सुबह दोनों पक्षों को आने के लिए कहा। रविवार को भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे पीड़ित परेशान हैं।


मारपीट और लूटपाट के बाद परेशान किसवाही गांव के लोग। अमृत विचार

### व्यापारी व किसान से नकदी और चेन लूटी

**मौदहा।** कस्बे के गांधी विद्यालय के पास शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे लूट हुई। व्यापारी मोहन बाबू अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उनके साथ बाइक पर रामनरेश यादव भी मौजूद थे। आरोप है कि रास्ते में आधा दर्जन लोगों ने तमंचे के दम पर उन्हें रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

पीड़ित मोहन बाबू का कहना है कि हमलावर उनकी सोने की चेन और पर्स छीन ले गए। वहीं रामनरेश यादव ने बताया कि वह गल्ला बेचकर लौट रहे थे, उनके पर्स से 10-12 हजार रुपये भी आरोपियों ने छीन लिए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा पाया गया है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया गया कि मारपीट करने वालों में खिल्लू, छुल्ले, नरेंद्र चीची समेत कुछ अज्ञात लोग शामिल हैं। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि चेन और नकदी छीने जाने की पुष्टि नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की मौत के मामले में दो हिरासत में लिए गए

अमृत विचार Follow UP

- कठेरुआ के गेस्ट हाउस में मिला था सुमेरपुर के युवक का शव

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ससुराल गए युवक का शव कानपुर नगर के कठेरुआ के एक गेस्ट हाउस में पाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

कस्बे के वार्ड संख्या 01 लखनापुरवा के निवासी संदीप कुमार वर्मा (30) पुत्र दयाराम की ससुराल बिधनू थाना क्षेत्र के हरीपुर गांव में है। वह पत्नी रेशमा (28) एवं 8 माह की पुत्री सृष्टि के साथ अपनी ससुराल गया था। उसके साले भूपेंद्र कुमार ने बताया कि बहनोई संदीप कुमार शुक्रवार को दोपहर 2 बजे हरीपुर निवासी पारिवारिक साले सर्वेश उर्फ साजन एवं आशीष कुमार के साथ घूमने की बात कहकर घर से बाइक से निकले थे और रात में वापस नहीं आए। सुबह साजन की बहन ने फोन पर सूचना दी कि रिश्तेदार का एक्सीडेंट हो गया है और वह कठेरुआ के क्षत्रिय गेस्ट हाउस में है। जब वह लोग वहां पहुंचे तो बहनोई की मौत हो गई थी। घटना से बिधनू पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही सर्वेश उर्फ साजन एवं आशीष कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। साले भूपेंद्र ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और होटल में काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। सभी भाई बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। सभासद गोपाल बजाज, पूर्व सभासद अरुण कुमार वर्मा ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया है।

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण ढहाया

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर के बड़े चौराहे पर पानी की टंकी के समीप हरिजन मार्केट के आसपास सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को पुलिस ने बलपूर्वक ढहा दिया। इस दौरान विरोध करने वाली महिलाओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर बाद में उनके परिजनों को सौंप दिया।

नगर के बड़े चौराहे में पानी की टंकी के समीप ग्राम समाज की भूमि है, जिसमें चार दशक पूर्व सरकार ने हरिजन मार्केट का निर्माण कराया था। इसके बाद दुकानें पात्र लोगों के नाम एलाट कर दी गई। पात्र लोगों ने दुकानों को सिकमी किराएदारी पर दे रखा है। कुछ लोग परिवार सहित रहते हैं और कुछ लोग उन दुकानों में कबाड़ का धंधा भी करते हैं। इन सभी किराएदारों ने अपनी दुकानों के पीछे दरवाजा कर वहां पड़ी सरकारी भूमि पर टीन टप्पर लगा सालों से कब्जे कर रखे हैं। इसके अलावा इसी मार्केट के बगल में चार दशक से जमील भी अपने परिवार समेत रह रहा है। परिवार बढ़ने के साथ-साथ उसने भी घर बनाने के साथ-साथ बाथरूम आदि के अलावा टीन टप्पर डालकर कब्जा कर रखा है।

यह मामला सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद एसडीएम करणवीर सिंह, सीओ राजकुमार पांडेय, कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह व नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार गुप्ता ने रविवार को मौके पर पहुंचे और टीन टप्पर को जेसीबी से ढहा दिया। इस दौरान वहां रह रहे परिवार की महिलाओं ने अधिकारियों से अभद्रता करने के अलावा अपने ऊपर पेट्रोल डाल आग लगाने की धमकी देने पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले गई। तमाशबीनों की भीड़ लग गई जिन्हें पुलिस को खदेड़ना पड़ा। उप जिलाधिकारी ने वहां कब्जा करने वालों जल्द से जल्द वहां से अपना सामान हटा लेने की चेतावनी दी है। हालांकि पुलिस द्वारा इस मामले में हिरासत में ली गई महिलाओं को बाद में उनके परिजनों को सौंप दिया गया।


मौदहा कस्बे में अतिक्रमण हटवाते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

### विरमा नदी में ध्वस्त किया अवैध पुल

**राठ।** खनन माफियाओं की ओर से कैंथा गांव के पास बहने वाली बिरमा नदी पर बनाए गए अवैध पुल को तहसील प्रशासन ने जेसीबी मशीन से ढहा दिया। जिससे नदी से अवैध मौरंग का खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। इसी पुल से अवैध खनन किया जा रहा था।

काफी समय से कैंथा गांव के पास से बहने वाली विरमा नदी पर खनन माफियाओं ने अवैध पुल बना रखा था। इस पुल के बनाने के बाद से रात के समय में चोरी-छिपे खनन माफिया मौरंग का अवैध खनन कर रहे थे। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार और पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने रविवार को जेसीबी मशीन से इस अस्थाई पुल को ध्वस्त करा दिया। एसडीएम और सीओ ने मौके पर पहुंचकर पूरी स्थिति का जायजा लिया और कार्रवाई की। एसडीएम ने कहा कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।


उपनयन संस्कार के दौरान यज्ञवेदी में आहुति देते बटुक। अमृत विचार


बटुकों की विदाई करते परिजन।

## 42 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री द्वारा आयोजित यज्ञोपवीत संस्कार में 42 बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। शिक्षा ग्रहण करने के लिए काशी जा रहे बटुकों को कस्बे के समाजसेवी अखिलेश तिवारी एवं बाबा द्विवेदी ने मनाया और कस्बे के संस्कृत विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का आग्रह किया।

प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री ने गायत्री तपोभूमि प्रांगण की यज्ञवेदी में यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन कराया। रविवार को इस कार्यक्रम में 42 बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। संस्कार संपन्न होने के बाद उन्होंने भिक्षाटन किया और शिक्षा ग्रहण करने के लिए काशी को ओर प्रस्थान करने लगे। इनको कस्बे के समाजसेवियों ने रोक कर कस्बे के संस्कृत विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आग्रह किया। जिसको बटुकों ने स्वीकार करके काशी जाने का इरादा त्याग दिया। उपनयन संस्कार पं.माधव नारायण शास्त्री, पं.बलदेव प्रसाद शास्त्री, आचार्य उमादत्त शुक्ल शास्त्री ने संपन्न कराया। इस अवसर पर गायत्री तपोभूमि के महंत स्वामी सुखानंद महाराज, अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी, बृजलाल सिंह, संतोष सिंह, अनिल पालीवाल, चंद्रपाल सचान, सभासद आदित्य अवस्थी, कैलाश दुबे, रामदत्त पांडेय, डॉ. ज्ञानेंद्र पाठक आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**निरीक्षण** विधायक ने सेतु निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को तेजी लाने के दिए निर्देश

## तीन साल में 25 फीसदी ही बन सका बेतवा नदी पुल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय की दोनों प्रमुख नदियों यमुना और बेतवा पर बन रहे समानांतर फोरलेन सेतु को लेकर सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस मामले को विधानसभा में उठाया। इसके बाद अगले जून माह तक बेतवा पुल का चालू कर देने की अधिकारियों ने हामी भरी है। इसी के चलते रविवार को उन्होंने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

निरीक्षण के दौरान विधायक कहा कि पूर्व की समाजवादी पार्टी सरकार ने बिना पर्याप्त बजट और ठोस तैयारी के 170 करोड़ रुपये की लागत वाले प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। जबकि मात्र 41 लाख रुपये की स्वीकृति देकर जनता को गुमराह कर दिया। कहा कि अब इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा करा रहे हैं। बताया कि कानपुर से कबरई तक टू लेन हाईवे होने से जाम की स्थित बनी रहती है। नदियों पर पुलों के निर्माण से जिले की जनता को काफी राहत मिलेगी। बताया कि कार्यदाई संस्था सेतु निगम ने अगले जून माह तक बेतवा पुल को कंप्लीट कर चालू कर देने की बात कही है। कहा नई तकनीक से निर्माण कार्य होने पर समय लग रहा है। फिलहाल बेतवा की एक लाइन अंतिम चरण में है। वहीं दूसरी साइट पर अगले कुछ दिनों में ही काम शुरू हो जाएगा। बेतवा नदी से सेतु निर्माण के बाद आवागमन चालू होने के बाद यमुना नदी पर तैयार खड़ी कोठियों में स्लैब का काम चालू हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान विधायक ने उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से काम की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने भरोसा दिया कि जून 2026 तक बेतवा पुल का शेष कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

तीन साल में केवल 25 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। उन्होंने सवाल किया कि जब एक चौथाई काम में ही तीन वर्ष लग गए तो शेष 75 प्रतिशत कार्य कब और कैसे पूरा होगा। मौके पर मौजूद अधिकारियों से उन्होंने कार्य की प्रगति, बजट और गुणवत्ता को लेकर विस्तृत जानकारी ली।

**कार्य की प्रगति अपेक्षा से धीमी:** यमुना नदी और बेतवा नदी पर समांतर चार लेन पुल का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन कार्य की प्रगति अपेक्षा से काफी धीमी रही है। लगातार बढ़ते बजट और निर्माण में हो रही देरी को लेकर विधायक ने अधिकारियों से जवाब मांगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन और लोक निर्माण विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जून 2026 तक बेतवा पुल की एक लेन हर हाल में चालू कर दी जाएगी और शेष कार्य में भी तेजी लाई जाएगी।


निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते सदर विधायक डा .मनोज प्रजापति। अमृत विचार


उप सभापति का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ता। अमृत विचार

## उप सभापति बृजकिशोर गुप्ता का स्वागत

**हमीरपुर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं उप्र कोऑपरेटिव फेडरेशन (पीसीयू) के उप सभापति बृज किशोर गुप्ता का यमुना नदी पुल पर जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

इसके बाद उन्होंने संगमेश्वर व चौरा देवी मंदिर में मत्था टेका। कर आशीर्वाद लिया। भाजपा जिला कार्यालय में भी स्वागत हुआ। इस मौके पर रामदेव सिंह, विजय पांडेय, ब्लॉक प्रमुख अरविंद मुखिया, नरवेंद सिंह, मुकेश प्रजापति, उत्तम सिंह, अरविंद श्रीवास्तव राजेश सेंगर, लालाराम निषाद, आशीष गुप्ता, विनय मिश्रा, ओमेश सिंह, संध्या वर्मा, सीमा वर्मा, उमा दीक्षित आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### काउंसिलिंग में चार जोड़ों का विवाद खत्म

**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के अन्तर्गत परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से चार दंपतियों के विवाद को आपसी सहमति से समाप्त कराकर खुशियां लौटाई गईं। पुलिस लाइन सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला ने की। कार्यक्रम के दौरान पति पत्नी के 16 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया और दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान के लिए संयमित, सकारात्मक व संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणाम स्वरूप चार दंपत्ति पुन: आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुन: काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है। परामर्श कार्यक्रम में महिला कांस्टेबिल साक्षी, आरती यादव, मानसी, तृप्ति व परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, अंशू शिवहरे, विभा पुरवार, सुरेश जायसवाल, शिवकुमार गोस्वामी आदि सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

### आरोग्य मेले में 107 मरीजों का परीक्षण

**महोबा।** प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके चौरया के निर्देशन और जैतपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 107 मरीजों का परीक्षण कर उपचार के साथ परामर्श दिया गया। अजनर में आयोजित आरोग्य मेले में स्वास्थ्य टीम के डॉ. पवन राजपूत, डॉ. जीतेन्द्र सिह, डॉ. रामकुमार, डॉ. वैशाली सोनी, लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्र, स्टाफ नर्स भगवती, एएनएम नीतू व अरूण ने 53 मरीजों की जांच की। जांच के बाद सभी मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं और स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई। वहीं खमा गांव में आयोजित मेले में डॉ. प्रेम नारायण शर्मा, डॉ. जेपी पास्तोर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह के साथ स्टाफ नर्स किरन, भानकुंवर, उमा और माया की टीम ने 54 मरीजों का परीक्षण किया। सभी मरीजों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। मेले में सर्दी जुकाम, बुखार, उल्टी दस्त व मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही।

## शादी-विवाह में निःशुल्क पानी भेज पुण्य कमा रहे समाजसेवी

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)


मोटर पंप चलाकर टैंकर में पानी भरते समाजसेवी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शादी विवाह की सहालग शुरू होते ही समाजसेवी ने पानी का निःशुल्क टैंकर भेजकर पुण्य कमाना शुरू कर दिया है। इससे गरीब और मध्य वर्ग के लोगों को भीषण गर्मी के मौसम में काफी राहत मिल रही है। समाजसेवी इंद्रपाल रिछारिया ने सहालग शुरू होते ही निशुल्क पानी टेंकर भेजकर लोगों की मदद करना शुरू कर दी।

सामाजसेवी ने बताया कि मई में विवाह समारोह के अधिक कार्यक्रम होने के कारण उन्होंने टैंकरों से पानी भेजना शुरू कर दिया है। कभी कभी एक दिन में दो दो शादियां होने पर दोनों स्थानों पर पर्याप्त पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। ताजा पानी भरकर भेजा जाता है, जिससे कार्यक्रम स्थल पर ठंडा पानी पहुंच सके। दिन में पानी भर लेने से टेंकर का पानी गर्म हो जाता है, इस कार्य से गरीब वर्ग के लोगों को शादी विवाह में खासी राहत मिल रही है।

समाजसेवी का कहना है कि बिजली अव्यवस्था के चलते पानी भरकर भेजने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, इसके बावजूद पानी समय से भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में 14 लोगों के यहां शादी समारोह एवं धार्मिक आयोजनों में पानी के लिए टैंकरों की निशुल्क व्यवस्था कराई गई। मई में अभी तक दो स्थानों पर टैंकर भेजा जा चुका है। शादी समारोह के अलावा जिन वार्डों में पानी की समस्या है, वहां पर निशुल्क पानी मुहैया कराया जा रहा है। हर साल गर्मी में समस्याग्रस्त इलाकों में टैंकर भेजकर लोगों को पानी मुहया कराया जा रहा है।

## जैविक उत्पादों का दैनिक जीवन में करें प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डीएम ने एफपीओ जैविक बाजार और हर्बल्स पान की शुरुआत की
- एफपीओ व स्वयं सहायता समूह अपने जैविक उत्पाद बिक्री करेंगे


जैविक बाजार का फीता काटकर शुभारंभ करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने रविवार को शहर के राठ रोड स्थित एफपीओ जैविक बाजार का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने एफपीओ जैविक बाजार के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उन्होंने जैविक सब्जियों व अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। डीएम ने कहा कि जैविक बाजार में समस्त एफपीओ व स्वयं सहायता समूह अपने जैविक उत्पादों को रखेंगे। एफपीओ जैविक बाजार की स्थापना जिलाधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद द्वारा करायी गयी।

डीएम ने कहा कि जिन एफपीओ या स्वयं ज्यादा समूह के उत्पाद जैविक प्रमाणीकरण से आच्छादित नही है वो सभी उपकृषि निदेशक के माध्यम से अपना आवेदन संस्था में करते हुए अपने उत्पाद का प्रमाणीकरण करा लें। जिलाधिकारी ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जैविक बाजार में एक बार समय निकालकर जरूर आए और यहां पर उपलब्ध जैविक उत्पादों का अपने दैनिक जीवन में प्रयोग करें। एफपीओ जैविक बाजार में अब तक 12 एफपीओ व स्वयं सहायता समूह जो जैविक कृषि कार्य कर रहे है उन्हें प्रतिष्ठान आवंटित किये गये है। बाजर निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने जैविक बाजार की नियमित साफ सफाई कराने, पेयजल, मोबाइल शौचालय व अन्य व्यवस्थाओं को सही कराने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को दिए। जिलाधिकारी ने जिले के देशावरी पान को प्रदेश में प्रख्यापित करने वाले राजकुमार चौरसिया की पुत्री मयंकिता चौरसिया द्वारा स्थापित अच्युतम ऑर्गेनिक एंड हर्बल्स पान प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया, जिसमें जिले के मशहूर देशावरी पान से निर्मित विभिन्न प्रकार के मुखवास, पान लड्डू, पान शरबत, पान चॉकलेट व अन्य उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध है। उद्घाटन दौरान डीएम ने प्रतिष्ठान को देखकर काफी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मयंकिता को देशावरी पान के जीआई टैग प्राप्त कराने व देश मे पहचान दिलाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, उपकृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी, वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## पत्थर खदान में मिला बीएससी के छात्र का शव, तफ्तीश शुरू

### कोतवाली पुलिस मान रही आत्महत्या, परिवार वालों ने जताई हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- वारदात की सूचना पर यूपी और एमपी की पुलिस मौके पर पहुंची
- छतरपुर जिले के लवकुश नगर क्षेत्र के हरद्वार गांव का था छात्र


शव मिलने के बाद खदान पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कुम्हडौड़ा गांव के समीप पत्थर खदान में बीएससी छात्र का शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है, जबकि परिजन हत्या की साजिश की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर के थाना लवकुश नगर क्षेत्र के हरद्वार गांव निवासी सुनील बीएससी का छात्र था, जिसका शव रविवार यूपी एमपी सीमा के पास सदर कोतवाली क्षेत्र के कुम्हडौरा गांव की एक पत्थर खदान में पड़ा मिला। शव की पड़े होने की सूचना पूरे गांव में फैल गई, जिससे खदान में ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। मामला सरहद के समीप होने के कारण ग्रामीणों की सूचना पर यूपी और एमपी की संबन्धित थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव की शिनाख्त कर मृतक के परिजनों को सूचना दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर शहर कोतवाली पुलिस और मध्य प्रदेश की थाना लवकुश नगर पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

पुलिस को प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत माना जा रहा है। हालांकि, मौत के असल कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतक के रिश्तेदार विशाल कुशवाहा ने बताया कि सुनील सुबह घर से निकला था। कुछ देर बाद उसने अपनी मां को फोन किया और कहा था कि आज के बाद मेरा मुंह नहीं देख पाओगी, मुझे दो घंटे के अंदर ढूंढ लो। इस फोन कॉल के महज ढाई घंटे बाद ही उसकी लाश खदान में मिली। परिजनों का दावा है कि घर में किसी भी तरह का कोई विवाद या झगड़ा नहीं था। उन्हें अंदेशा है कि सुनील को या तो यहां लाया गया है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## जिन देशों ने महात्मा बुद्ध के विचारों को अपनाया, वह तरक्की कर गए

कार्यालय संवाददाता, महोबा


खरेला में बुद्ध महोत्सव को संबोधित करते बाबू सिंह कुशवाहा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिन देशों ने महात्मा बुद्ध के विचारों को अपनाया, वह आज तरक्की के शिखर पर हैं। महात्मा बुद्ध के विचारों को भारत के विभिन्न प्रांतों में ही नहीं, दुनिया के तमाम देशों में अपनाया जाता है। भगवान बुद्ध ने किसी को भी जाति धर्म छोड़ने की शिक्षा नहीं दी। महात्मा बुद्ध के विचार संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर ने संविधान में समाहित किया।

सांसद खरेला में बुद्ध महोत्सव के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खरेला जैसे कस्बे में भगवान बुद्ध के जन्मोत्सव बुद्ध पूर्णिमा पर महात्मा बुद्ध को याद किया जाता है और वृहद कार्यक्रम किया जाता है। कहा कि भगवान बुद्ध ने किसी को भी जाति धर्म छोड़ने की शिक्षा नहीं दी। कहा कि बुद्ध जयंती नहीं बल्कि बुद्ध पूर्णिमा है। महात्मा बुद्ध का जन्म भी बुद्ध पूर्णिमा को हुआ और बोध गया में पीपल के वृक्ष के नीचे जो ज्ञान महात्मा को मिला वह बुद्ध पूर्णिमा को ही मिला। महात्मा बुद्ध ने जब शरीर छोड़ा तब भी बुद्ध पूर्णिमा ही थी।

उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक ने भगवान बुद्ध के विचारों को दुनिया में फैलाने का काम किया। महात्मा बुद्ध द्वारा दिए गए उपदेशों को अपने बेटा बेटी को विदेशों में भेजकर प्रचार प्रसार कराया। सांसद ने कहा कि विचारों से जुड़ने के पहले उन्हें जाने तब मानें। भगवान बुद्ध ने कहा है कि जो भी करिए जानते हुए करिए। चुनाव के समय मांगने वाले कोई ओर होते हैं और देने वाले आप। देने के पहले उसके बारे में जाने, आपके वोट से ही आपके बच्चों का भविष्य तय होगा। शराब रुपया लेकर वोट न करें और बच्चों के भविष्य बर्बाद होने से रोकें। इस मौके पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव किरन कुशवाहा' गयाप्रसाद' बालादीन' जिलाध्यक्ष विदेशराज' हरिशंकर कुशवाहा मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक रामचरन कुशवाहा ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

## अपराधियों पर रखें नजर: एएसपी

कार्यालय संवाददाता, महोबा


चरखारी थाने के अभिलेख देखतीं एएसपी वंदना सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एएसपी वंदना सिंह ने रविवार को चरखारी थाने का निरीक्षण करने के साथ ही समीक्षा बैठक की। उन्होंने विवेचना में तेजी लाने और अपराध नियंत्रण के लिए अपराधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। बैठक के बाद एएसपी ने क्षेत्र का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनाकर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

बैठक में एएसपी ने यक्ष एप के प्रभावी उपयोग, अपराधियों के सत्यापन, डिजिटल साक्ष्य संकलन के लिए ईसाक्ष्य के समुचित प्रयोग, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण, अपराधों की रोकथाम के साथ एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) की शत प्रतिशत तामीला सुनिश्चित किए जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध विवेचना सुनिश्चित की जाए। लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। संवेदनशील स्थानों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक पुलिसिंग कार्रवाई को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें पुलिस सेवा के मूल कर्तव्यों, अनुशासन, जनसंपर्क, टीम वर्क एवं आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार के संबन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए ईमानदारी, सतर्कता एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एएसपी ने थाना क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों व संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## पुलिस ने सट्टेबाज को किया गिरफ्तार

**महोबा।** नगर कोतवाली पुलिस ने मुकेरीपुरा क्षेत्र से मुखबिर की सटीक सूचना पर एक शातिर सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है।

उपनिरीक्षक शिवम पांडेय टीम के साथ राठ चुंगी के पास गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें रामकुंड गौशाला के पास ऑनलाइन सट्टा मटका कारोबार की सूचना मिली। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर गौशाला के पास से शाहरुख पुत्र सल्लू को दबोच लिया। पुलिस ने अभियुक्त की तलाशी ली तो उसके पास से कुल 8,000 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में शाहरुख ने स्वीकार किया कि वह गोल्डन मटका जैसी वेबसाइट्स के जरिए ऑनलाइन दांव लगवाता था। उसके मोबाइल फोन की जांच करने पर क्रोम ब्राउज़र में सट्टा मटका की वेबसाइट खुली मिली। इस वेबसाइट की यूजर आईडी और पासवर्ड भी था, जिसके माध्यम से वह पैसा लगाता था।

## पानी की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पंप आपरेटर की मनमानी की अधिकारियों से की शिकायत


पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते कालोनी के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रीष्म ऋतु के आते ही हर साल जिले में पानी का संकट गहराने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। वहीं शहर के कांशीराम कालोनी के ट्यूबवेल और हैंडपंप खराब होने के कारण यहां की स्थिति और भी विकराल हो गई है, जिससे नाराज कालोनी के दर्जनों लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों से पेयजल समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की साथ ही कालोनी वासियों ने ट्यूबवेल ऑपरेटर पर मशनरी को जानबूझ कर खराब रखे जाने आरोप लगाकर जांच कराए जाने की भी मांग उठाई।

शहर के लवकुश नगर रोड स्थित बिच्छू पहाड़िया की कांशीराम कॉलोनी के बाशिंदों को इन दिनों पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रही है। लू और तेज धूप के साथ पारा चढ़ते ही यहां के पेयजल संसाधन खराब हो गए हैं। कॉलोनी में लगे दोनों ट्यूबवेल और हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे लगभग दो हजार की आबादी प्रभावित है। स्थानीय निवासियों को अपनी दिनचर्या और जरूरी कामकाज छोड़कर 2 किलोमीटर दूर लगे हैंडपंपों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। पानी के चक्कर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

कालोनी निवासी मुबीना ने ट्यूबवेल ऑपरेटर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चंदा मांगने के बावजूद मशीनरी को जानबूझकर खराब रखा जाता है। कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचित किया और टैंकरों से पानी की आपूर्ति की मांग की, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। पानी की समस्या को लेकर ज्योति, सरोज, सोनम, रजिया सहित तीन दर्जन से अधिक कॉलोनी वासियों ने अपनी समस्या लेकर तहसील पहुंचकर प्रदर्शन कर पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग करते हुए अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा।

पानी की समस्या को गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर शिवध्यान पांडेय ने जल निगम, जल संस्थान और नगर पालिका परिषद को तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मोटर को जल्द दुरुस्त कराकर जलापूर्ति बहाल की जाएगी साथ ही आपरेटर के खिलाफ जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**सत्संग** | संत कबीर आश्रम में सत्संग के दौरान कवियों ने रचनाओं और कबीर के दोहों से माहौल बनाया भक्तिमय

## राम नाम का जाप करने से मन को मिलती शांति

कार्यालय संवाददाता, महोबा


रविवार को कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग में रचनाएं सुनाते कवि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के संत कबीर आश्रम में रविवार को सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में वक्ताओं ने राम नाम के प्रभाव से जीवन में आने वाले परिवर्तन पर प्रकाश डाला। कवियों ने रचनाओं और कबीर के दोहे सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। सुबह से ही भक्तों ने आश्रम में पहुंचकर संगीतमय सत्संग में शामिल होकर पुन्य अर्जित किया। सत्संग की शुरूआत कबीर वंदना जय कबीर जय गुरू कबीरा दास तोरे द्वार खड़े उनकी हरो पीरा से की गई।

समिति प्रमुख एवं सांई कालेज के प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि राम नाम के जाप से धर्म, अर्थ काम व मोक्ष की प्राप्ति होती, लेकिन आज का मानव धन मकाने, पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध में इतनी बुरी तरह से फंसा हुआ है कि वह आठ पहर में से एक पहर राम नाम की भक्ति नहीं करता है तो ऐसे में उसे मुक्ति कैसे होगी। कहा कि राम नाम जपने से व्याकुल मन को शांति मिलती है, चिंता और क्रोध कम होता है, और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होकर सकारात्मक ऊर्जा आती है। सच्चे मन से राम नाम लेने से जीवन की हर समस्या का समाधान मिलता है और व्यक्ति दरिद्रता से मुक्त होता है। उन्होंने कबीर की साखी सुनाते हुए कहा कि पांच प्रहर धंधे गया, तीन प्रहर गया सोय, एक प्रहर हरि नाम तो मुक्ति कैसे होय। हरिश्चंद्र वर्मा ने कबीर साहब दुनिया भटक रही है, सही रास्ता दिखाएं, दुनिया में शांति का पैगाम लाएं रचना प्रस्तुत की।

सत्संग में पंडित हरिशंकर नाययक ने सूरदास की कृष्ण भगवान के प्रति सच्ची भक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक बार कृष्ण सूरदास के पास आए तो सूरदास ने उनका हाथ पकड़ लिया, लेकिन भगवान ने छुड़ा लिया, तब सूरदान ने कहा बांह छुडाय के जात हो, निर्बल जान के मोह, जब हृदय से जाओगे मर्द कहांव मैं तोय। अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने कबीर के विचारों को अंधविश्वास समाप्त करने के लिए उपयोगी बताया। जगदीश रिछारिया ने भजन मैली चादर ओढ़ के कैसे, द्वार तुम्हारे आऊं, हे पावन परमेश्वर मेरे, मन ही मन शरमाऊं, मैली चादर ओढ़ के कैसे द्वार तुम्हारे आऊं। सुनाया। अवधेश अवस्थी ने सीता राम सीता राम कहिए, जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए प्रस्तुत किया। इस मौके पर कामता प्रसाद चौरसिया सहित अन्य कवियों ने रचना व भजन प्रस्तुत किए। सत्संग में आशाराम तिवारी, नारायणदास, लखनलाल, राधेश्याम पुरवार, करताल वादक कमलापत अनुरागी सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## डीएम ने लेखपालों को दिया भरोसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



अधिवेशन में मौजूद डीएम गजल भारद्वाज और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा का रविवार को पंचम द्विवार्षिक अधिवेशन सदर तहसील में आयोजित किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शिरकत की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ विस्तृत विचार विमर्श कर समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान कराने का भरोसा दिया।

अधिवेशन में जिलाधिकारी ने लेखपालों की विभिन्न समस्याओं, चुनौतियों और समाधान से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजस्व कार्यों की गति और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने संगठन द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर सकारात्मक रूप से विचार करते हुए आश्वस्त किया कि उचित स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने लेखपालों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्रीय कार्यों को पारदर्शिता, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ पूरा करें, जिससे आमजन को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

अधिवेशन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर प्रशासनिक स्तर से आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष शिवभान, जिला मंत्री लोकेन्द्र सिंह यादव सहित लेखपाल व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सेमरा में निर्माणाधीन मकान पर चला बुलडोजर, विवाद गहराया

## अधिकारी बोले, सरकारी जमीन पर किया जा रहा था निर्माण

संवाददाता, बरगढ़ चित्रकूट

**अमृत विचार।** थानांतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा में एक निर्माणाधीन मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई विवादों के घेरे में आ गई। प्रशासन का तर्क है कि निर्माण ग्रामसभा की जमीन पर किया जा रहा था, वहीं पीड़ित पक्ष का कहना है कि यह उसकी जमीन है।

निर्माण ढहाने की यह कार्रवाई सेमरा निवासी राजपति पत्नी गंगा प्रसाद मौर्य के कथित अर्धनिर्मित घर पर हुई। राजपति अपने तीन बच्चों के साथ लंबे समय से पुराने घर में रह रही हैं। वह अपने घर के बगल में नया मकान बनवा रही थीं। मकान की दीवारें बन रही थीं कि इसी दौरान प्रशासन ने इसे ग्राम सभा की भूमि पर कब्जा मानते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर दी। पीड़िता राजपति और उनके पुत्र ने प्रशासन पर बिना पूर्व सूचना मकान गिराने का आरोप लगाया। हल्का लेखपाल कमल किशोर मिश्रा ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने के समय से ही परिवार को लगातार रोका गया था और समझाया गया था कि यह सरकारी भूमि है, लेकिन चेतावनी के बावजूद निर्माण जारी रखा गया। इसी कारण प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा। हालांकि जब संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से लिखित आदेश और ध्वस्तीकरण की वैधानिक प्रक्रिया के बारे में पूछा गया तो वे गोलमोल जवाब देते नजर आए। प्रशासन जहां इसे कानूनसम्मत कार्रवाई बता रहा है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिवार के आशियाने पर चली कार्रवाई को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



निर्माण ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार

### पुराने घर को नहीं तोड़ा गया : नायब तहसीलदार

- मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार पारुल ने बताया कि परिवार जिस पुराने मकान में रह रहा है, उसे नहीं तोड़ा गया है। केवल नए निर्माण को ढहाया गया है। यह भूमि सरकारी है और बरगढ़ क्षेत्र में प्रस्तावित टूस्को पावर प्लांट के लिए आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर किए गए नए कब्जे को हटाकर सोलर प्लांट की स्थापना कराई जाएगी। बताया कि पीड़ित परिवार के विस्थापन संबंधी निर्णय पर बाद में निर्णय लिया जाएगा।

- पीड़ित परिवार ने कार्रवाई को लेकर खड़े किये सवाल

### इसी साल है बेटी की शादी : राजपति



- राजपति प्रशासन की इस कार्रवाई से बेसुध सी हो गईं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि उनकी बेटी की शादी इसी वर्ष तय है। ऐसे समय में घर तोड़ा जाना बर्दाश्त से बाहर है। अपने चार बच्चों को लेकर कहां जाएं, यह सबसे बड़ा सवाल है।

### संबंधित जमीन ग्रामसभा की : प्रधान



- ग्राम प्रधान सेमरा शिवनरेश ने बताया कि संबंधित भूमि ग्रामसभा की है और पीड़ित परिवार का लंबे समय से यहां कब्जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने आवास के संबंध में कुछ हिस्से आबादी के रूप में दर्ज बताए जाते हैं लेकिन नया निर्माण अलग से किया जा रहा था, जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई की है।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब समेत दो गिरफ्तार

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** एसआई शंभूशरण सिंह ने दीपू पुत्र ओमप्रकाश निवासी गुरौला को 20 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। एसआई शंभूशरण सिंह ने गिरधारी पुत्र भुल्लू रैदास निवासी डाडी चमरौडी को 22 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोनों पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को पकड़ा

**चित्रकूट।** पुलिस ने दो वारंटी गिरफ्तार किए। एसआई अजहर जमाल ने वारंटी अंकित सिंह पुत्र लाला सिंह और श्याम सिंह पुत्र पहलवान सिंह निवासीगण भदेहदू को गिरफ्तार किया।

### आरोपी गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद

**राजापुर (चित्रकूट)।** एसआई शैलेंद्र कुमार सिंह ने कुलदीप वर्मा पुत्र स्व. मेवालाल निवासी धोबीगंज को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी शुभम मिश्रा और शाकिर अली शामिल रहे।

### अभियान चलाकर पकड़े छह वारंटी

**चित्रकूट।** पुलिस ने विशेष अभियान के तहत छह वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के एसआई हरि सिंह ने महाबली प्रजापति निवासी रानीपुर को गिरफ्तार किया। सरधुआ के एसआई अजहर जमाल ने अंकित सिंह, श्याम सिंह निवासीगण भदेहदू, कोतवाली कर्वी के एसआई विवेक कुमार सिंह ने अजय निवासी बालापुर खालसा, एसआई अमरेंद्र सिंह ने भागीरथी वर्मा निवासी बरवारा, एसआई अंशुल कुमार ने गणेश निवासी ड्योढ़ी टोला तरौंहा, एसआई मुकेश कुमार सिंह ने लवलेश उर्फ मिंटू प्रजापति निवासी बाजीगर का पुरवा मजरा कोलगदहिया को गिरफ्तार किया।

### मऊ एसडीएम ने ओवरलोड डंपर जब्त

**मऊ।** उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने एक ओवरलोड डंपर को जब्त कर लिया। सोमवार दोपहर एसडीएम तहसील के सामने निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक डंपर को ओवरलोड हालत में गुजरते देखा। जांच के दौरान चालक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही डंपर पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया। एसडीएम ने डंपर को थाने के सुपुर्द कर दिया। बताया कि डंपर अवैध रूप से ओवरलोड चलाया जा रहा था और इसके पास कोई वैध कागजात नहीं थे। अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने सालों से जमे पुलिसकर्मियों का किया तबादला

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- सात इंस्पेक्टर व दो सब इंस्पेक्टरों का बदला कार्यक्षेत्र, इंस्पेक्टर अजीत पांडेय बने मानिकपुर थाना प्रभारी

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एक बार फिर थानों में बड़ा बदलाव किया है। नौ अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें सात निरीक्षक और दो उप निरीक्षक शामिल हैं।

अब तक अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक रहे इंस्पेक्टर अजीत कुमार पांडेय को मानिकपुर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। एसओ मानिकपुर निशिकांत राय को अब पहाड़ी थानाध्यक्ष बनाया गया है। साइबर थाने की प्रभारी रीता सिंह को बरगढ़ थाना प्रभारी बनाया गया है। थानाध्यक्ष रैपुरा रहे आशुतोष तिवारी को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। जबकि उनकी जगह सरधुआ थानाध्यक्ष एसआई राम सिंह को भेजा गया है। अपराध शाखा में कार्यरत निरीक्षक राकेश मौर्या को इसी शाखा का प्रभारी बनाया गया है जबकि साइबर थाना के अतिरिक्त निरीक्षक इंस्पेक्टर नरेश प्रजापति को अब इसी थाने का प्रभारी बना दिया गया है। निरीक्षक शिवआसरे, जो अभी तक बरगढ़ थाना प्रभारी थे, को सरधुआ एसओ बनाया गया है। पहाड़ी थानाध्यक्ष उप निरीक्षक प्रवीण सिंह को पुलिस लाइन भेज दिया गया है।



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।

### 61 पुलिस कांस्टेबल भी किये इधर से उधर

- एसपी ने एक ही थाने में सालों से जमे 61 पुलिसकर्मियों पर भी नजरें टेढ़ी की हैं। इनमें 19 हेड कांस्टेबल और 42 कांस्टेबल हैं। स्थानांतरित महिला पुलिसकर्मियों में एक हेड कांस्टेबल और 10 महिला कांस्टेबल हैं। माना जा रहा है कि लंबे समय से एक ही जगह कार्यरत होने की वजह से कई जगहों पर इन पर सवालिया निशान लगने की वजह से एसपी ने तबादले की कार्रवाई की है।

### एसडीएम ने नियम विरुद्ध परिवहन पर चार ट्रकों को पकड़ा

**राजापुर चित्रकूट।** उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने रविवार सुबह छापेमारी कर ओवरलोड और नियमविरुद्ध परिवहन पर चार ट्रकों को पकड़ा। ताबड़तोड़ छापेमारी से खनन माफिया के हौसले पस्त होने लगे हैं। उप जिलाधिकारी ने बताया कि सुबह लगभग पांच बजे राजापुर थाने के पास चेकिंग की गई। चार ट्रकों को गिट्टी का ओवरलोड परिवहन करने पर पकड़ा गया। चारों ट्रकों को पुलिस अभिरक्षा में दे दिया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध परिवहन, अवैध बालू खनन तथा ओवरलोडिंग किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खनन और परिवहन करने वालों को आगाह किया कि एमएम प्रपत्र 11 लेकर ही चलें। बिना प्रपत्र कोई पकड़ा जाता है तो उसकी खैर नहीं होगी। घाट संचालकों को बिना रवन्ना के किसी भी वाहन को बालू गिट्टी की लोडिंग न करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस के माध्यम से लोकेशन गैंग के लोगों को चिह्नित कर लिया गया है।



ट्रकों की जांच करते उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव।

# ...तो अब एनजीओ करेंगे गौशाला संचालन

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** पंचायत चुनाव को लेकर अभी कोई स्पष्ट तस्वीर नहीं दिख रही है लेकिन 25 मई से प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद क्या होगा, इसको लेकर सवाल हैं।

गौशालाओं के संचालन के लिए निदेशक प्रशासन एवं विकास पशु पालन विभाग उप्र लखनऊ ने इच्छुक संस्थाओं से ऑनलाइन आवेदन मांगा था। जानकारी के अनुसार, चित्रकूट से 48 गौशालाओं को लेने के लिए विभिन्न एनजीओ ने आवेदन किया है। इनमें आकांक्षी ब्लॉक रामनगर में भी चार एनजीओ स्व. उपेंद्र जन कल्याण सेवा समिति, रामजानकी नवजीवन दिव्यांग संस्थान, रामकृपा एजूकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट और गोवर्धन गोसेवा संस्थान ने ऑनलाइन आवेदन किया। इनमें ग्राम पंचायत लौरी, देऊंधा, रगौली, रूपौली, रामनगर, इंटवा, रामपुर, घुनुवा, करौंदी कला, चोरहा, ढढवार, छीबों, हन्ना गांव की गौशालाएं हैं। बताया गया कि सब कुछ ठीक हुआ तो गौशाला संचालन के पहले पशु पालन विभाग तीन वर्ष तक के लिए ग्राम पंचायत से पहले अनुबंध करेगी इसके बाद ही गौशाला का आवंटन होगा। विभागीय सूत्रों का कहना है कि विभाग ने तीन शर्त रखी हैं। पहली शर्त यह है कि 200 जानवरों से अधिक गौशाला ही फिलहाल एनजीओ को आवंटन की जाएगी। अनुभवी को वरीयता दी जाएगी। दो माह तक के लिए खाते में फंड की व्यवस्था रहने वाली एनजीओ पर ही विचार किया जाएगा।

### प्रधानों ने जताई नाराजगी

- उधर, इस संबंध में कई ग्राम प्रधानों ने नाम छिपाते हुए बताया कि हमारे कार्यकाल को लेकर अभी कोई स्पष्ट स्थिति नहीं है इसके बाद भी बिना हमसे पूछे हमारे संचालन से गौशाला हटा एनजीओ को चुपचाप देने की कवायद की जा रही है। कई प्रधानों ने पशु पालन विभाग के इस कदम को गलत बताया है। उनका कहना है कि एनजीओ किसी भी तरह से गोवंशों को नहीं संभाल सकते हैं लेकिन यह सब सचिवों के इशारे पर हो रहा है खुद चार चार गांव में सचिव बने बैठे हैं अकेले तो गौशाला संभाल नहीं सकते इसलिए एनजीओ की आड़ से सचिव ही गौशाला हथियाने में लगे हैं। इस पूरे मामले पर कोई खुलकर नहीं बोल रहा हैं पर इतना तो तय है कि यदि चुनाव की आहट जल्द नहीं दिखी तो गौशाला की जिम्मेदारी जरूर किसी के मत्थे तय की जाएगी।



नीट परीक्षा खत्म होने पर महाविद्यालय से अपने बच्चों के आने की प्रतीक्षा करते अभिभावक। अमृत विचार



महाविद्यालय के बाहर छांव में कुर्सी पर आराम फरमाते एक एसआई।

# नीटः कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- दोनों केंद्रों पर गैरहाजिर रहे 16 परीक्षार्थी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) रविवार को जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। चित्रकूट इंटर कालेज में 384 में सात और तुलसी महाविद्यालय में 495 में नौ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

दोनों केंद्रों पर सुबह 10 बजे सभी परीक्षकों को बुलाया गया था। 11 बजे से परीक्षार्थियों की इंट्री शुरू हो गई थी। अभ्यर्थियों की गेट पर ही विधिवत जांच की गई। आंखों से स्क्रीनिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। शहर कोतवाल दुर्गविजय सिंह, उप निरीक्षक अशोक सिंह आदि सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। महाविद्यालय में केंद्र व्यवस्थापक प्राचार्य राजेश कुमार पाल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपर अर्थ एवं संख्याधिकारी राकेश कुमार द्विवेदी आदि ने परीक्षा पर नजर रखी। दोनों परीक्षा केंद्रों का नोडल अधिकारी केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य स्नेहलता, एसडीएम अजय यादव, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी आदि अधिकारी भी निरीक्षण करते रहे।



सीएम योगी आदित्यनाथ से नियुक्ति पत्र लेते धीरेंद्र सिंह। अमृत विचार

### रैपुरा के धीरेंद्र को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत चयनित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र दिए। कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) पद पर जिले से धीरेंद्र सिंह चयनित हुए हैं, जो रैपुरा निवासी हैं। इनके पिता शिवकुमार सिंह शिक्षक हैं। धीरेंद्र ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के युवाओं को चयनित होने का मौका दे रही है।

### खंभे से टकराई बाइक किशोर की मौत

**मऊ।** सड़क हादसे में किशोर की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, जमुना रोड निवासी अरुण कुमार (17) आठ वर्षीय मोहित निवासी बरियाली कला के साथ भी बाइक से अपनी नानी के घर बरियारी कला जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रास्ते में किसी को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई और गांव के गेट के पास लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि अरुण को गंभीर चोटें आईं। अरुण को तत्काल मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CSC) पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नारद जयंती पर पत्रकार सम्मानित

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संयोजक डॉ. बालकृष्ण पांडेय ने वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार याज्ञिक को आद्य पत्रकार देवर्षि नारद सम्मान से नवाजा है।

मुख्यालय के बल्दाऊगंज निवासी राजकुमार याज्ञिक वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश मुख्य महासचिव हैं। इनकी ग्रामीण इलाकों की समस्याओं पर विशेष रुचि रही है। सहकारिता भवन सभागार लखनऊ में देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. पांडेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र, संयोजक डा. भगवान प्रसाद उपाध्याय, मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने राजकुमार याज्ञिक को देवर्षि नारद सम्मान से सम्मानित किया। राजकुमार ने बताया कि वह पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए जुटे रहेंगे। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश शुक्ला, आनंद राम पांडेय, प्रभाकर ओझा, पवनेश कुमार, मधुसूदन सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, शिवमूरत द्विवेदी, रमेश रैकवार, विराग पांडेय आदि पत्रकार मौजूद रहे।



राजकुमार याज्ञिक को सम्मानित करते भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के पदाधिकारी।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, दो बच्चे सुरक्षित

**मऊ।** रैपुरा थानांतर्गत सड़क हादसे में बाइकसवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बरहट पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान कैलाश चंद्र (34) पुत्र रामलाल निवासी दौरहरा, ग्राम पंचायत तीर घुमाई के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कैलाश चंद्र की बाइक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैलाशचंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के समय बाइक पर कैलाश के साथ दो बच्चे भी थे। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

समीक्षा बैठक | जिलाधिकारी ने 800 मेगावाट के सोलर पार्क से संबंधित बिंदुओं पर की चर्चा

# सोलर पार्क संबंधी काम में तेजी लाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने 800 मेगावाट के चित्रकूट सोलर पार्क से संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा बैठक की। इस मौके पर बताया गया कि राजस्व अधिकारियों और लेखपालों की सीमित उपलब्धता से सीमांकन में देरी हो रही है।

डीएम को बताया गया कि पारिवारिक भूमि विभाजन विवाद से संबंधित मामले अदालत में लंबित होने से भूखंडों के पट्टे के निष्पादन, संयुक्त राजस्व और वन भूमि गेट के लिए लंबित नक्शा संबंधी प्रक्रिया की वजह से खरगदाह गांव में सरकारी भूमि के हस्तांतरण अथवा अधिग्रहण में देरी हो रही है। इसके अलावा सरकारी भूमि पर अधिक्रमण के संबंध में प्रशासन को पत्र लिखे जा चुके हैं। गैर-सर्वेक्षित सरकारी जमीन का लेखपाल और कानूनगो की अनुपलब्धता की वजह से सर्वेक्षण नहीं किया जा सका। वन विभाग द्वारा अधिग्रहित सेमरा गांव की लगभग 11.75 एकड़ भूमि पर पौधरोपण किया गया है। लगभग 15 एकड़ की मनका छतैनी, कोटवा माफी, सेमरा, बरगढ़ और छरहेरा गांव की जमीन परियोजना से बाहर हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द कार्यों में प्रगति कराएं।



सोलर पार्क के कामों की समीक्षा करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

### डीएम ने किया ट्रांजिट हास्टल का मुआयना

- **चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने एसडीएम कालोनी स्थित ट्रांजिट हास्टल का निरीक्षण किया। भवन की मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग की देखरेख में किया जा रहा है। भवन में कई स्थानों पर बंदरों से बचाव के लिए सुरक्षा जाली, पार्किंग स्थल पर इंटरलाकिंग एवं परिसर के अंदर नाली मरम्मत व ड्रेन कवर के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए। भवन के चारों ओर कैंपस में गंदगी व झाड़ियों की सफाई के लिए वहां रहने वाले कर्मचारियों को नगर पालिका से समन्वय कर शुल्क जमा कराकर सफाई कराने के लिए निर्देशित किया।

# साहब! दबंग मुझे घर बनाने से रोक रहे

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** थाना रैपुरा अंतर्गत बसिला गांव निवासी एक परिवार ने दबंगों पर मकान बनाने से रोकने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को आनलाइन प्रार्थनापत्र देकर जानकारी दी है और कहा है कि अगर सुनवाई नहीं हो तो इच्छामृत्यु की अनुमति ही दे दें।

पीड़ित छेदीलाल साहू पुत्र रूपपाल ने पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में बताया कि उसने वर्ष 2016 में वैध तरीके से जमीन खरीदकर बैनामा कराया था। वर्षों की मेहनत, मजदूरी और पाई-पाई जोड़कर खरीदी गई इस जमीन पर अब वह अपने परिवार के लिए मकान बनवाना चाहता है लेकिन गांव के कुछ प्रभावशाली लोग लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इन लोगों द्वारा जबरन निर्माण कार्य रुकवाया जा रहा है। आरोप है कि इन लोगों ने लेखपाल से मिलीभगत कर ली है। छेदीलाल का कहना है कि जिन लोगों द्वारा स्टे ऑर्डर का हवाला दिया जा रहा है, वह विवादित भूमि किसी अन्य गाटा संख्या से संबंधित है, जबकि उसकी खरीदी गई जमीन अलग है। इसके बाद भी निर्माण कार्य को रोका जा रहा है। उसने मजदूरी करके किसी तरह जमीन खरीदी थी। अब गांव के दबंग उसकी इस उम्मीद पर पानी फेरने में लगे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। उसका कहना है कि जब अपनी ही खरीदी जमीन पर घर बनाने का अधिकार नहीं मिल रहा।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MUMTAZ था जिसे बदलकर MUMTAZ JAHAN रख लिया है। अब मुझे MUMTAZ JAHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MAROOF ALI ADD-KHALA BAZAR KOTWALI, HUUSE NO-293/62, PURANA HAIDARGANJ KHANPUR MAU CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**
मेरे हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 (संस्थागत) अनुक्रमांक 1446030 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 (संस्थागत) अनुक्रमांक 1129971 के प्रमाण पत्र–सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **रोली सिंह पुत्री श्री जंग बहादुर सिंह निवासी– ग्राम– काली प्रसाद का पुरवा, पोस्ट– हसनापुर, जिला रायबरेली (उ0प्र0), पिन–229121**

**सूचना**
सूचित्र किया जाता है कि मैं RAMESH KUMAR से अपना नाम बदल के RAMESH रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वह पहचान जाए। पुत्र GANGA PRADAD निवासी शाहपुर सरवन उन्नाव का रहने वाला हूं।

**सूचना**
मैं नरेंद्र कुमार आर्मी संख्या – 14661633X रैंक हवलदार पुत्र श्री राजा राम पाल निवासी– जादेपुर घस्सा पोस्ट – दिलीप नगर, पुलिस स्टेशन चौबेपुर, कानपुर नगर उत्तर प्रदेश–209204 नोटरी गवर्नमेंट कानपुर उत्तर प्रदेश स्टाम्प संख्या– 46AA992952 दिनांक 20 फरवरी 2026 के अनुसार मेरी माता का नाम सीमा देवी व जन्मतिथि– 01 जुलाई 1959 से बदलकर नाम शिवदेवी व जन्मतिथि–11 जून 1962 दर्ज करवा रहा हूं जो कि सही है व आधार नंबर– 771790481908 है।

**आवश्यकता**
पी0आर0 मेमोरियल डिग्री कॉलेज, पता–नूरपुर बेहटा, किसान पथ, मल्हौर, लखनऊ में बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 में 05 असि0 प्रो0, प्राचार्य–1 एवं बी0ए0 हेतु (अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, साइकोलाजी) प्रत्येक विषय में एक–एक असि0प्रो0 की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क करें। मो0– 9076710004, 9076710002। नोट–योग्यता व वेतनमान यू0जी0सी0/ ल0वि0वि0 के अनुसार।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड संख्या 987981064811 में मेरा नाम गीता देवी पत्नी स्व सूरज सिंह निवासिनी छावनी सरकार (धरखनपुरवा) थाना कोतवाली नगर जिला गोंडा दर्ज है। आधार में दर्ज मेरा नाम गीता देवी गलत है। मेरा वास्तवित नाम माया देवी पत्नी स्व सूरज सिंह सही है। मेरे आधार में दर्ज गीता देवी के स्थान पर मायादेवी दर्ज किया जाना अपेक्षित है। **माया देवी पत्नी स्व सूरज सिंह निवासिनी छावनी सरकार कोतवाली नगर गोंडा।**

